●वर्ष : 16 ●अंक : 247 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 30 दिसम्बर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## समाचार

### मनीष सिसोदिया ने जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए शिक्षा घोषणापत्र जारी किया

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र के लिए शिक्षा घोषणापत्र जारी किया। एक बयान में कहा गया है कि घोषणापत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, छात्रों के लिए अवसरों में सुधार लाने तथा बच्चों के भविष्य को आकार देने में अभिभावकों और शिक्षकों को शामिल करने के लिए एक व्यापक योजना की रूपरेखा दी गई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर सिसोदिया ने कहा, बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा किसी भी परिवार की प्रगति की कुंजी है। हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे बड़े होकर सफल और सम्मानित व्यक्ति बनें। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि घोषणापत्र में सराय काले खां और हजरत निजामुद्दीन में दो पूर्णतः सुसज्जित नए स्कूलों के निर्माण के साथ-साथ फिरोज शाह कोटला और हरि नगर आश्रम में मौजूदा स्कूलों में सुविधाओं के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें कहा गया है कि सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षण स्टाफ, सुरक्षा उपाय और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी तथा सुगम आवागमन के लिए यातायात समन्वय भी सुनिश्चित किया।

# महाकुंभ 2025 में पहली बार होगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल: पीएम मोदी

### अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा: पीएम मोदी

महाकुंभ का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा।'



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में 'महाकुंभ' का जिक्र किया। उन्होंने महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया। साथ ही उन्होंने लोगों से इस आगामी भव्य धार्मिक समागम से समाज से नफरत और विभाजन को खत्म करने के संकल्प के साथ लौटने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पहली बार महाकुंभ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होगा। इसके अलावा पीएम ने सविधान का भी जिक्र किया और कहा कि यह समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। पीएम ने आगे कहा, 'देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए constitution75.com नाम से एक खास website भी बनाई गई है। इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। 'मन की बात' के श्रोताओं से, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से, कॉलेज में जाने वाले युवाओं से मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बनें। विपक्षी दल केंद्र सरकार पर संविधान को कमजोर करने का अक्सर आरोप लगाते रहे हैं, जिसका सत्तारूढ़ दल ने जोरदार खंडन किया है। मोदी ने संवैधानिक मूल्यों एवं भावना को मजबूत करने के अपनी सरकार के प्रयासों का कई बार जिक्र किया है और मुख्य विपक्षी कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि जब भी वह सत्ता में रही, उसने संविधान को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

### संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है: पीएम मोदी

मन की बात में पीएम मोदी ने कहा, '2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट है, हमारा मार्गदर्शक है।

## सीएम हाउस की ओर बढ़ रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर पुलिस ने किया हल्का लाठीचार्ज

नूना न्यूज एजेंसी।

**बिहार।** की राजधानी पटना में प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया। इस दौरान के कुछ वीडियो सामने आये हैं, जिनमें पुलिस अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करती दिख रही है। अन्य वीडियो में, अभ्यर्थी पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेट्स को तोड़कर आग बढ़ते नजर आ रहे हैं। बता दें, जन सुराज पार्टी के




प्रमुख प्रशांत किशोर ने अभ्यर्थियों के इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी बिहार लोकसेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए रविवार को अभ्यर्थी पटना के गांधी मैदान में प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए थे। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों को गांधी मूर्ति के पास जाने की अनुमति नहीं दी थी। अनुमति नहीं मिलने के बावजूद इसके प्रशांत किशोर ने बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के साथ गांधी मूर्ति के पास पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद वह अभ्यर्थियों को लेकर मुख्यमंत्री आवास तक मार्च के लिए निकल गए। हालांकि, रास्ते में उन्हें पुलिस द्वारा रोका गया, जिसके बाद हालात बिगड़ गए। मार्च शुरू करने से पहले, प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए किशोर ने कहा, 'यहां आने से पहले मैंने शिक्षा क्षेत्र के लोगों से लंबी चर्चा की थी। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि जहां तक बीपीएससी परीक्षाओं का सवाल है, अनियमितताएं और पेपर लीक होना अब आम बात हो गई है।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 20 अक्टूबर रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे। लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# नोटों के बदले सोने की ईंटें देने वाले व्यापारी भी उलझेंगे!

### सौरभ शर्मा के ठिकाने से ईडी को मिली लिंक, लोकायुक्त ने जांच में जो छोड़ा, प्रवर्तन निदेशालय ने वहीं से की शुरुआत

■ भोपाल

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों पर जांच एजेंसियों की कार्रवाई लगातार जारी है। मामले में ईडी की एंट्री होते ही एजेंसी ने शुक्रवार को शर्मा के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया था। जिसमें ईडी को कुछ ऐसे सराफा कारोबारियों का लिंक मिला है, जो सौरभ शर्मा समेत परिवहन के काले कारोबार से जुड़े अन्य लोगों को भी नोटों के बदले सोना, चांदी की ईंटें देते थे। जिसमें भोपाल (पुराना शहर) के कारोबारियों के नाम जांच एजेंसी के हाथ लगे हैं।

ईडी ने सौरभ शर्मा के भोपाल, ग्वालियर समेत अन्य स्थानों पर छापा मारा था। ईडी उन ठिकानों पर पहुंची, जिन पर लोकायुक्त और आयकर की नजर नहीं पड़ी है। बताया गया कि छापों के बाद खासकर ईडी की एंट्री होने के बाद परिवहन विभाग के कुछ अधिकारी कार्यालय में नहीं दिख रहे हैं। साथ ही काले कारोबार में सौरभ शर्मा का साथ देने वाले लोग भी खुद नजरबंद हो गए हैं। जांच एजेंसी की सौरभ शर्मा के रिश्तेदारों पर भी टेढ़ी नजर है। कुछ दस्तावेज और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर अन्य लोग भी लपेटे में आ सकते हैं। जांच एजेंसी सौरभ शर्मा के घर, दफ्तर एवं अन्य करीबी लोगों के ठिकानों की छापों से कुछ दिन पहले की फुटेज खंगाल रही है।



#### छापों के बाद धीमा पड़ा जमीनों से जुड़े पोर्टल

सौरभ शर्मा एवं अन्य के ठिकानों पर छापों में सोने-चांदी के अलावा जमीनों के निवेश के दस्तावेजों का पता चला है। जिसमें कुछ पूर्व नौकरशाह, पूर्व मंत्रियों के अलावा अन्य ताकतवर लोगों के नाम पता चले हैं। साथ ही कई नाम अभी सामने नहीं आए हैं। छापों में जमीनों का मामला उजागर होने के बाद राजस्व विभाग के पोर्टल स्लो हो गए हैं। पोर्टल स्लो होने की वजह से खुद राजस्व विभाग भी परेशान है। पोर्टल के जरिए जमीनों से संबंधित जानकारी कोई भी खोज सकता है। पिछले कुछ दिनों से पार्टल में तकनीकी खामियां आ रही है। हालांकि राजस्व विभाग के अधिकारियों ने पार्टल धीमा होने या किसी भी खामी से इंकार किया है।

#### ईडी के बाद दोनों एजेंसियां ढीली

खास बात यह है कि सौरभ शर्मा के ठिकानों पर सबसे पहले लोकायुक्त और फिर आयकर विभाग ने कार्रवाई की थी। लोकायुक्त की कार्रवाई शुरू से ही संदेह के दायरे में है। न्यायालय में लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा के ठिकानों पर छापे में जो संपत्ति बताई है और छापों के बाद संपत्ति की जानकारी सामने आई थी, उसमें भारी अंतर है। हालांकि आयकर विभाग छापेमार कार्रवाई में जब्त संपत्ति का आकलन कर सौरभ शर्मा और अन्य को आयकर चोरी का नोटिस भेजने की तैयारी में है। इधर, केंद्रीय एजेंसी ईडी के जांच में शामिल होने से लोकायुक्त और आयकर दोनों ढीले पड़ते दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि ईडी के आने के बाद से दोनों एजेंसियों की सौरभ शर्मा मामले में सक्रियता कम ही दिखाई पड़ रही है।

#### रतलाल, इंदौर के कारोबारियों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

जांच एजेंसियों को सौरभ के ठिकानों से 54 किलो सोना एवं दो क्विंटल से ज्यादा चांदी मिली है। ऐसे में सौरभ को नोटों के बदले सोने-चांदी की ईंटें देने के मामले में भोपाल के अलावा रतलाम, इंदौर एवं प्रदेश के बाहर के कारोबारियों का सुराग मिला है। जांच एजेंसी ने इस दिशा में गति तेज की तो इनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बताया गया कि रतलाम से भी परिवहन की काली कमाई के बदले सोना-चांदी दिया गया है।

### भोपाल, इंदौर, सीहोर, बड़वानी, खंडवा सहित 42 जिलों में बारिश, फसलों के लिए अमृत

# प्रदेश में दूसरे दिन गिरा मावठा

■ शनिवार

मध्यप्रदेश में शनिवार को लगातार दूसरे दिन मावठा गिरा। भोपाल, इंदौर, सीहोर, बड़वानी, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, श्योपुर, खंडवा, उमरिया और रीवा समेत कई जिलों में बारिश हुई। कई जगहों पर ओले भी गिरे। जिससे फसलों को नुकसान होने की खबरें आई हैं। प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान 42 जिलों के 250 शहरों और कस्बों में पानी गिरा है। कुछ स्थानों व फसलों को छोड़कर पूरे प्रदेश में यह मावठा फसलों के लिए अमृत वर्षा के रूप में देखा जा रहा है। किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।



इंदौर



सैलाना

#### गरोठ एवं सतवास समेत आधा दर्जन स्थानों पर दो इंच से अधिक बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक, सबसे ज्यादा ढाई इंच बारिश मंदसौर जिले के गरोठ और देवास के सतवास में हुई। नर्मदापुरम शहर, सीहोर के नसरूल्लागंज और रायसेन के उदयपुरा में 2 इंच से ज्यादा पानी बरस गया। ओले और बारिश के साथ आंधी भी चली। बारिश के चलते जबलपुर, रीवा, रायसेन, खंडवा और उमरिया समेत कई शहरों की मंडियों में रखे अनाज भीग गए। शुक्रवार को इंदौर और उज्जैन संभाग के लगभग सभी जिलों में बारिश हुई थी।

#### इन जिलों में दो दिन वर्षा

पिछले दो दिनों में जहां बारिश हुई हैं, इनमें भोपाल, मुरैना, अशोकनगर, नीमच, शाजापुर, बैतूल, रतलाम, ग्वालियर, आगर-मालवा, मंदसौर, देवास, नर्मदापुरम, सीहोर, रायसेन, उज्जैन, विदिशा, खंडवा, राजगढ़, हरदा, इंदौर, श्योपुर, शिवपुरी, भिंड, दतिया, खरगोन, बड़वानी, गुना, अलीराजपुर, धार, सागर, पन्ना, छतरपुर, दमोह, कटनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नरसिंहपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, सतना, सिवनी, रीवा जिले शामिल हैं।

#### सैलाना में फसलों को नुकसान

सैलाना। रतलाम जिले के सैलाना में शुक्रवार शाम ओले गिरने से क्षेत्र में अफीम, प्याज, लहसुन, गेहूं सहित अन्य रबी फसलों को नुकसान हुआ है। हरसोला, करिया, बोदीना गांव में भी ओलावृष्टि ने लहसुन, अफीम, प्याज, गेहूं सहित अन्य फसलों पर जमकर कहर बरपाया। उधर जिले के करमदी में भी बेमौसम बारिश से मौसमी बीमारियों के साथ अन्य फंग्स व फफूंद का खतरा फसलों पर मंडराने लगा है। किसानों का कहना है कि अगर और ओले गिरते हैं तो फसल सड़ सकती है।

**शाजापुर में दिनभर बूंदाबांदी**- शाजापुर। शनिवार को बादलों की लुकाछिपी के बीच दिनभर बूंदाबांदी होती रही। ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्म कपड़े का सहारा लेने को मजबूर कर दिया।

#### इन जिलों में ओले का अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में नर्मदापुरम के पचमढ़ी, नरसिंहपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सतना, पन्ना, सिवनी, दमोह, पांढुर्णा और जबलपुर में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। यहां 50 किमी या इससे अधिक रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। कटनी, छतरपुर, सिंगरौली, सीधी, उमरिया, बुरहानपुर, रायसेन, खंडवा, देवास, हरदा, सागर, खजुराहो, रीवा, मऊगंज, चित्रकूट, मैहर, शहडोल, अनूपपुर के अमरकंटक, मंडला और डिंडौरी में भी हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

**अग्निकांड** मंदिर का ढांचा गिरा, अंदर विराजित प्राचीन मूर्तियों को भी नुकसान

# भामगढ़ के 500 साल पुराने श्रीराम मंदिर में आग

■ खंडवा

प्राचीन रियासत गांव भामगढ़ में शुक्रवार देर रात 500 साल पुराने श्रीराम मंदिर में आग लग गई। आग से मंदिर का ढांचा गिर गया। मूर्तियों को भी नुकसान हुआ है।

मंदिर के पुजारी स्वतेश पांडेय के मुताबिक आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। संध्या एवं शयन आरती के पश्चात रात्रि में मंदिर के पट बंद हो जाते थे। पड़ोसियों ने रात करीब डेढ़ बजे जगाया, देखा तो मंदिर में भीषण लपटें उठ रही थीं, आग बुझाने के लिए पूरा गांव जुट गया। जानकारी के मुताबिक पूरा मंदिर लकड़ी से बना हुआ था, इसलिए आग और भड़क गई।

पुजारी पांडेय ने बताया की हमने आग पर काबू पाने के लिए कई प्रयास किए, एक-एक कर चार फायर ब्रिगेड मौके पर बुलाई गई। तब जाकर आग पर काबू पाया लेकिन पूरा मंदिर जल गया। भामगढ़ ग्राम के बीच ही मंदिर था मंदिर से लगा पूरा गांव था बड़ा हादसा हो सकता था।



# कश्मीर में भारी हिमपात से यातायात बाधित

### सेना ने गुलमर्ग में फंसे पर्यटकों को बचाया

एजेंसी ■ श्रीनगर

कश्मीर में शनिवार को मध्यम से भारी हिमपात के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा, जिससे हवाई, सड़क और रेल यातायात बाधित हुआ। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी को देश के अन्य इलाकों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग हिमपात के कारण सभी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। नयुग सुरंग के पास भारी हिमपात के कारण निकासी कार्य में बाधा आ रही है। भारी हिमपात के कारण बारामूला जिले के गुलमर्ग



के स्की रिसॉर्ट में फंसे पर्यटकों को सेना के चिनार कोर के जवानों ने सुरक्षित निकला लिया।। सेना ने एक त्वरित और समन्वित प्रयास में 30 महिलाओं, 30 पुरुषों और आठ बच्चों सहित 68 नागरिकों को निकाला। सेना ने 137 पर्यटकों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।

■ यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा कि मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक काम पर लगे लोगों और यात्रियों को यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। रात भर हुए हिमपात और फिसलन की स्थिति के कारण राजमार्ग पर कई भारी और हल्के मोटर वाहन फंसे हुए हैं। श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कोई भी उड़ान न आ सकी और न ही जा सकी। हवाई अड्डे के निदेशक जावेद अंजुम के मुताबिक खराब मौसम की स्थिति के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

### असम में करीब छह करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, पांच लोग गिरफ्तार : मुख्यमंत्री

**असम।** में पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में करीब छह करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गुवाहाटी शहर में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के कर्मियों ने शुक्रवार रात पलटन बाजार में एक होटल में छापेमारी कर 416 ग्राम हेरोइन जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 2.75 करोड़ रुपये है। शर्मा ने कहा कि होटल से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार रात को नगांव जिले में एक अन्य अभियान के दौरान 3.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थ जब्त किया गया।

## केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का अपमान करके उन्हें अंतिम विदाई दी : त्रिलोचन सिंह



**करनाल सुखविंदर सोही**
**करनाल।** देश के प्रधानमंत्री रहे डा. मनमोहन सिंह के निधन पर करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने शोक प्रकट किया है। साथ ही केंद्र सरकार पर मनमोहन सिंह के राजकीय अंतिम संस्कार में असम्मान और कुप्रबंधन के आरोप लगाए हैं। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में अर्थव्यवस्था के मसीहा के रूप में पहचान रखने वाले डा. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार केंद्र सरकार ने जानबूझ कर निगम बोध घाट पर करवाया, जबकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य नेताओं की ओर ये पीएम से यह अनुरोध किया गया था कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का जहां अंतिम संस्कार किया गया था, वहीं डा. मनमोहन सिंह का किया जाए ताकि वहां उनकी समाधि भी बनाई जा सके। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि दूरदर्शन को छोडकर किसी भी समाचार एजेंसी को अनुमति नहीं दी गई। डीडी ने मोदी और शाह पर ध्यान केंद्रित किया, डॉ. सिंह के परिवार को बमुश्किल ही कवर किया। हैरानी की बात है कि डॉ. सिंह के परिवार के लिए केवल तीन कुर्सियां सामने की पंक्ति में रखी गईं। कांग्रेस नेताओं को उनकी बेटियों और अन्य परिवार के सदस्यों के लिए सीटों की व्यवस्था के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। राष्ट्रीय ध्वज को उनकी विधवा पत्नी को सौंपे जाने या गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान प्रधानमंत्री और मंत्रियों ने खड़े होने की जहमत नहीं उठाई। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि अमित शाह के काफिले ने शव यात्रा को बाधित कर दिया, जिससे परिवार की गाडियां बाहर रह गईं। गेट बंद कर दिया गया और परिवार के सदस्यों को ढूंढकर वापस अंदर लाना पड़ा। पूरे अंतिम संस्कार स्थल को इतनी खराब तरीके से व्यवस्थित किया गया था कि शव यात्रा में भाग लेने वाले कई लोगों के लिए कोई जगह नहीं बची।

## गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद से आशीर्वाद लेने पहुंचे विश्व हिन्दु तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य



**अंबाला :** एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दु तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा अंबाला शहर के पुलिस लाइन ग्राऊंड में रखे दिव्य गीता सत्संग में हिस्सा लिया व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। और स्वामी ज्ञानानंद ने वीरेश शांडिल्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर मंच पर हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम व एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र पाल केके, जीओ गीता केचेयरमैन दीशू साड़ी के मालिक दिनेश ग्रोवर, पत्रकार सुमन भटनागर, अनुभव अग्रवाल, एसडीएम दर्शन कुमार, बलदेव नगर के थाना प्रभारी, सुनील वत्स, राजू चावला, अजय चावला, पूर्व पार्षद प्रेम गोसाई, विवेक चावला हैप्पी, हाईकोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य व श्री खाटू श्याम द्वादशी सेवा मंडल के प्रधान हर्ष सेठी व रमी भी मौजूद रहे। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद ने तो गीता के प्रचार के साथ साथ पोलियो ग्रस्त हजारों बच्चों के ऑपरेशन करवाए। आज भी स्वामी ज्ञानानंद जी हजारों गरीब परिवारों को राशन उपलब्ध करवा रहे हैं।

## झींडा ग्रुप से टिकट नहीं मिलने पर दर्शन सिंह नगला ननकू ने भरा आजाद उम्मीदवार नामांकन



**साहा :** हरियाणा के गुरुद्वारों की सेवा संभाल के लिए जगदीश सिंह जिंदा के नेतृत्व में हरियाणा के सिखों ने लगभग 25 साल संघर्ष किया। पहली बार गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव होने जा रहे हैं नारायणगढ़ सीट से अन्य उम्मीदवारों के मुकाबले झींडा ग्रुप के तीन दावेदार मैदान में थे टिकट मनजीत सिंह रछेड़ी को मिली तो अन्य दो जिसमें राजेंद्र सिंह लकी ने पहले नामांकन कर दिया था आज दर्शन सिंह नगला ननकू ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भरा उन्होंने बताया कि वह पिछ्ले काफी समय से चुनाव की तैयारी कर रहे हैं परंतु टिकट उनको नहीं मिली उन्होंने अपने साथियों के साथ विचार विमर्श करके चुनाव मैदान में आजाद उम्मीदवार के तौर पर लड़ने का फैसला किया और अपना नामांकन पत्र दाखिल करने अपने साथियों सहित पहुंचे उनके साथ बलजिंदर सिंह, हरभजन सिंह,साहब सिंह, कुलवंत सिंह , धन्ना सिंह, जसवीर सिंह आदि उनके सहयोगी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता कपिल विज ने बतौर मुख्यातिथि अमोलक पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल दिवस पर शिरकत की



वार्षिक खेल दिवस का दीपप्रज्वलित कर शुभारम्भ करते भाजपा नेता व समाजसेवी कपिल विज।

**अम्बाला छावनी :** अमोलक पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस 2024-25 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता व समाजसेवी कपिल विज ने अपने साथियों के साथ बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कपिल विज का स्वागत अमोलक स्कूल की डायरेक्टर मानसी घई ने किया। स्कूल के प्रांगण में प्रविष्ट होने पर छात्राओं के ग्रुप ने मार्च करते हुए कपिल विज की मंच तक अगुआई की। स्कूल स्टाफ द्वारा तिलक लगा कर कपिल का अभिनंदन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल ईला मालिक ने कपिल जी से दीप प्रज्वलित करवाया। कार्यक्रम में विभिन्न आयुवर्ग के छात्र और छात्राओं ने योगा और खेल से संबंधित नृत्य कार्यक्रमो का मनभावन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सभी छात्र व छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे। स्कूल प्रिंसिपल ईला मलिक ने कपिल विज के पधारने का आभार जताया। कपिल विज ने छात्रों के रंगारंग कार्यक्रमों की जमकर प्रशंसा की और स्कूल द्वारा करवाए जा रहे छात्रों के सर्वांगीण विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर बच्चों की प्रतिभा निखारने से ही भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा और भारत की नई उड़ान इन्हीं बच्चों ने भरनी है। कपिल विज ने कहा यह स्कूल बरसों से शिक्षा क्षेत्र में अपना मुकाम बनाये हुए है उन्होंने कहा कि इस स्कूल में शिक्षा के साथ साथ बच्चों के टैलेंट निखारने के कार्य भी किया जाता है। इस अवसर पर कपिल विज के साथ विपिन खन्ना, इकबाल ढांडा, तरुण सेठी, बलित नागपाल, भारत कोछड़ और सचिन बुद्धिराजा उपस्थित रहे।

# 5 दिवसीय दिव्य गीता सत्संग समारोह में विभिन्न राज्यों के समाजसेवी हुए नतमस्तक



अंबाला शहर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित 5 दिवसीय दिव्य सत्संग समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते संत महात्मा एवं समाजसेवी सदस्य।



अंबाला शहर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित 5 दिवसीय दिव्य सत्संग समारोह में प्रवचन करते महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज।



अंबाला शहर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित 5 दिवसीय दिव्य सत्संग समारोह उपस्थित श्रद्धालु।

अंबाला शहर दिसंबर, अंबाला शहर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित दिव्य गीता सत्संग समारोह दूसरे दिन विधिवत शुभारंभ किया गया। दिव्य गीता सत्संग सत्र का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे जीओ गीता के शिक्षा संयोजक एवं अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. वेद प्रकाश टंडन, 48 कोस तीर्थ कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा कुरुक्षेत्र, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के अध्यक्ष अशोक मेहता नारायणगढ़, अंबाला निगम सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, ब्रुनेल यूनिवर्सिटी लंदन के साइंटिस्ट प्रो. हरजीत सिंह, भाजपा नेता जगमोहन कुमार, पवन किनरा सहारनपुर एवं जीओ गीता के जगदीश सचदेवा व एस.के. मदान आदि ने दीप प्रज्वलन करके किया।

### आज लगाया जाएगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर : दिनेश ग्रोवर

जीओ गीता के चेयरमैन दिनेश ग्रोवर ने बताया कि आज रविवार को दिव्य गीता सत्संग के पंडाल में 2 दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मेदांता मेडिसिटी गुरुग्राम के अनुभवी डॉक्टरों की टीम न केवल मरीजों की जांच करेगी अपितु शिविर में विभिन्न प्रकार के टेस्ट भी निशुल्क किए किए जाएंगे। दिव्य गीता सत्संग में मंच संचालन का कायज सुरेश गोयल ने बखूबी निभाया। जीओ गीता की ओर से गीता में मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य जनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। दिव्य गीता सत्संग के द्वितीय दिवस के अवसर पर वृंदावन धाम से पधारे विख्यात रसिक रतन झिंझाना ने ठाकुर श्री बांके बिहारी लाल एवं लाडली सरकार मां राधा जू की वंदना में एक के बाद एक सुंदर भजन प्रस्तुत किए। रतन झिंझाना के भजन सदा चरणों में तेरे रहें, नाम तेरा ही जपते रहें एवं मनमोहन दी बनके दीवानी, मैं छम-छम नचदी फिरां पर श्रद्धालु झूमने नाचने पर विवश हो गए। काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन तू दिलदार है भजन पर श्रद्धालुओं ने युगल सरकार के समक्ष खूब नृत्य किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के गुरुदेव वीर जी महाराज द्वारा रचित गीता पा के मैने खुदा पा लिया है, जहां गम नहीं वो जहां पा लिया है भजन ने दिव्य गीता सत्संग के पंडाल के वातावरण को इस कद्र गीतामय बना दिया कि पंडाल में उपस्थित प्रत्येक गीता भक्त भाव-विभोर दिखाई दिया।

### सत्संग स्थल पर लगाए गए ध्यान साधना शिविर में उमड़ी श्रद्धालु की भीड़

दिव्य गीता सत्संग के दौरान श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा सत्संग स्थल पर ही प्रतिदिन प्रातः काल साढ़े 6 बजे से आयोजित ध्यान साधना शिविर में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखने को मिली। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने स्वयं ध्यान साधना में उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं को ध्यान लगाने की तमाम विधियों का अभ्यास करवाया। मन को एकाग्रचित अवस्था में लाकर मस्तिष्क के बीचो-बीच ध्यान केंद्रित करके लंबी सांस के साथ ओम नाम के उच्चारण से मन के तार को परमात्मा के साथ जोड़ना एवं अलौकिक प्रकाश के रूप में उस परमात्मा के द्वार पर पहुंचना ध्यान साधना में बार-बार अभ्यास का मुख्य बिंदु रहा। प्रातः काल ध्यान साधना में भारी संख्या में साधकों की उपस्थिति वास्तव में भक्तों की भगवान में गहरी आस्था का परिचायक होने का प्रमाण प्रस्तुत करती दिखाई

### मानसिक चिंताएं, आशंकाएं, भय, शोक एवं दुविधाएं यह सब मन के रोग, श्रीमद्भगवद्गीता में सभी समस्याओं का समाधान : स्वामी ज्ञानानंद महाराज

दिव्य गीता सत्संग का शुभारंभ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने भगवद् स्तुति गीता श्लोकों के पाठ के साथ किया। द्वितीय दिवस के सत्संग सत्र में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भगवद् गीता केवल उपदेश ही नहीं प्रत्येक रोग का उपचार भी है। गीता जी के कुल 18 अध्याय हैं। प्रथम अध्याय संपूर्ण गीता रूपी सुंदर महल की नींव है। उन्होंने कहा कि यद्यपि गीता के पहले अध्याय में भगवान के द्वारा उपदेश की कोई बात नहीं है लेकिन अर्जुन रूपी मानसिक रोगी के रोग का कारण इस अध्याय में बताया गया है। गीता मनीषी ने कहा कि किसी भी डॉक्टर का उपचार सही सिद्ध नहीं हो सकता जब तक उस रोग के कारण को पूरी तरह से स्पष्ट न किया जाए। उन्होंने कहा कि गीता का प्रथम अध्याय मन के रोगों के कारण को समाज के सामने रखने वाला अध्याय है। आज पूरे विश्व में मानसिक स्वास्थ्य (मेंटल हेल्थ) एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रहा है।

## जन्म प्रमाण पत्र में नाम ना हो तो 31 दिसंबर तक हो सकता है ऐड

**अम्बाला छावनी दिसम्बर :** जन्म प्रमाण पत्र में आपके नाम का कॉलम खाली है तो 31 दिसम्बर तक इसमें ऑनलाइन आवेदन करके नाम लिखवा सकते हैं अभी 15 साल तक जन्म प्रमाण पत्र मे नाम लिखवा सकते थे, सुविधा मिलने के बाद 15 साल से पहले वाले भी नाम एड करवा सकेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डा. राकेश सहल ने बताया कि अब तक होता ये आया है कि जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रेशन कराया पर नामकरण नहीं हो सका। इसका कॉलम माता-पिता रजिस्ट्रेशन के वक्त छोड़ देते है, ऐसे में बच्चे का नाम का कॉलम अधूरा रह जाता था। अब इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 31 दिसम्बर तक हो सकता है। इसमें बच्चे का नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए सरकार की ओर से जन्म प्रमाण पत्र में नाम के खाली कॉलम को भरवाने के लिए राहत दी गई है। अब ऐसे लोग जिन्होंने जन्म प्रमाण पत्र तो बनवाया हुआ है, लेकिन 15 साल से भी ज्यादा वक्त से नाम नहीं लिखवाया है वो लोग भी सरल केन्द्र से ऑनलाइन अप्लाई करके इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। पहले नाम लिखा है, तो उसमें बदलाव नहीं होगा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सिर्फ उन लोगों को जन्म प्रमाण पत्र में नाम लिखवाने की सुविधा दी गई है, जिनके प्रमाण पत्र में नाम का कॉलम खाली होता है।

## सुखविन्द्र सिंह मान ने भरा हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव का नामांकन



नामांकन करते सुखविन्द्र सिंह मान

मुलाना दिसम्बर : हरियाणा में पहली बार गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का चुनाव आयोजित किया जा रहा है, जिससे सिख संगत में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस ऐतिहासिक चुनाव में वार्ड नंबर 4, बराड़ा से सुखविन्द्र सिंह मान, निवासी टमनौली, ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसके लिए वो अपने समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय पंहुचे और नामांकन दाखिल किया । सुखविन्द्र सिंह मान पंथक दल झिंडा ग्रुप के अंबाला जिला अध्यक्ष हैं और सिख संगत के उत्थान व समाजसेवा में लंबे समय से सक्रिय हैं। समय समय पर वो सिखों की आवाज उठाते रहे है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की संगत से प्रेरणा लेकर उन्होंने इस चुनाव में भाग लेने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि संगत के सहयोग और जसवीर सिंह झिंडा के नेतृत्व में वे कमेटी के उद्देश्यों को और अधिक मजबूत करेंगे।

नामांकन दाखिल करते समय उन्होंने संगत की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और कहा कि सिख समुदाय की भलाई के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वो जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और कम खर्च में बेहतर इलाज के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस चुनाव को लेकर सिख संगत में काफी उत्साह है, और यह चुनाव हरियाणा के सिख इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने वाला है। बता दें कि वार्ड नंबर 4 बराड़ा में 13 बूथ है । जिसमें करीब 9278 वोटें है। वार्ड नंबर 4 से 5 नामांकन हो चुके हैं। जिनमें सभी ने एक कवरिंग नामांकन भी भरा है। चुनाव 19 जनवरी को होने है।

## कैरम लीग युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने में सबसे अहम : डा. विकास कोहली

### हरियाणा कैरम एसोसिएशन के तत्वाधान में 2 दिवसीय हरियाणा कैरम लीग प्रतियोगिता का किया शुभारंभ





अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हरियाणा कैरम लीग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते खिलाड़ी ।(2) अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हरियाणा कैरम लीग प्रतियोगिता में पहुंचे अतिथियों का अभिनंदन करते एसोसिएशन सदस्य ।

अंबाला शहर दिसंबर : अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में हरियाणा कैरम एसोसिएशन के तत्वावधान में हरियाणा कैरम लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सीए वागीश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर अंबाला कैरम एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. विकास कोहली ने कहा कि पहली बार 2 दिवसीय कैरम लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कैरम जैसे खेल से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस खेल में प्रत्येक वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं, वहीं हरियाणा कैरम एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एसके शर्मा ने कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाडि?ों को प्रेरित करने और हरियाणा में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। कैरम न केवल मानसिक क्षमता को बढ़ाता है बल्कि खिलाडि?ों में टीम वर्क व अनुशासन का भी विकास करता है। इस लीग का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के खिलाडि?ों को इस खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाना है। यह एक ऐसा खेल है, जो ध्यान और धैर्य की मांग करता है। अंबाला कैरम एसोसिएशन के प्रधान मंदीप गौड़ ने बताया कि यह प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में आयोजित की गई है और इसमें सिंगल व टीम इवेंट कराए जा रहे है । इस प्रतियोगिता में हरियाणा के लगभग 10 जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का समापन 29 दिसंबर को किया जाएगा।

## शहादत को समर्पित शहीदी दिवस के अवसर पर टैक्सी यूनियन अंबाला ने बरताया अटूट लंगर : गुरसेवक सिंह



अंबाला शहर बस स्टैंड के नजदीक टैक्सी यूनियन अंबाला के प्रधान गुरसेवक सिंह यूनियन सदस्यों के साथ लंगर लगाते हुए।

**अंबाला शहर,** दिसंबर,छोटे साहिबजादों की शहादत को समर्पित शहीदी दिवस के अवसर पर अंबाला शहर बस स्टैंड के नजदीक टैक्सी यूनियन अंबाला के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी 3 दिवसीय गुरुओं के अटूट लंगर बरताने का कार्यक्रम रखा गया है। इस मौके पर टैक्सी यूनियन अंबाला के प्रधान गुरसेवक सिंह ने बताया कि शहीदी दिवस के उपलक्ष में लगातार बीते 20 वर्षो से टैक्सी यूनियन अंबाला के सभी सदस्य बड़ी ही श्रद्धा भाव से 3 दिवसीय लंगर लगाने का कार्यक्रम कर रहे हैं। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष 26, 27 व 28 दिसंबर को किया जाता है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन सुबह करीब 10 बजे चाय-ब्रेड व बिस्कुट का लंगर लगाया जाता है। वहीं दोपहर 12 बजे से गुरुओं के अटूट लंगर बरताए जाते हैं। जिसमें टैक्सी यूनियन अंबाला के सभी सदस्य बड़ी ही श्रद्धा भाव से अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं इस मौके पर सतीश कुमार, प्रीतम सिंह, गगनदीप सिंह, राहुल कुमार, रणदीप राणा, रतिन्द्र राणा, कुलबीर सिंह, गुरमीत सिंह, सुशील कुमार मान सिंह, मनीष कुमार, कश्मीर सिंह, अमर सिंह, हरविन्द्र सिंह,
सुमित कुमार, सुखविन्द्र सिंह व विक्की वालिया सहित दर्जनों सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

# डोर-टू-डोर कूड़ा उठान समस्या को लेकर पार्षद नरेन्द्र शर्मा ने निजी खर्चे से वार्ड न.-2 से उठवाया कूड़ा

- डोर टू डोर कूड़ा उठान का टेंडर 18 दिसंबर को समाप्त हो गया था



वार्ड न. 2 से कूड़ा उठाती ट्राली।

नारायणगढ़ दिसम्बर :नगरपालिका द्वारा डोर टू डोर कूड़ा उठान समस्या को लेकर पार्षद नरेंद्र देव शर्मा ने आज फिर दुर्गा कॉलोनी में अपने खर्च पर निजी व्यवस्था कर ट्रैक्टर ट्रॉली से कूड़ा उठवाया । नारायणगढ़ में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का टेंडर समाप्त हुये लगभग 10 दिन से ज्यादा बीत बीत है जिसका खामियाजा शहर के लोगो को भुगतना पड़ रहा है शहर के चौंक चौराहों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं । बारिश के कारण बीमारी के खतरे जैसा भय है।

दूसरी तरफ पहले भी कई बार कूड़ा कलेक्शन कई दिन बंद हुआ है ।जबकि नगरपालिका द्वारा आमजन से गार्बेज टेक्स के रूप में पूरे साल के पैसे वसूल किए हैं इसी समस्या को देखते हुये वार्ड नंबर 2 के पार्षद नरेंद्र देव शर्मा अपने वार्डवासियों को राहत पहुंचाने के लिए एक बार फिर से निजी खर्च पर ट्रैक्टर ट्रॉली लगा कर जिन गलियों में ट्राली जा सकती है। वहां ट्राली खड़ी कर कूड़ा कलेक्ट करवा रहे है । बता दें कि स्थानीय नगरपालिका में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का टेंडर 18 दिसंबर को समाप्त हो गया है जिससे घरो से कूड़ा उठाने का कार्य बंद गया है जब भी पूर्व में ऐसी समस्या आई हमेशा पार्षद नरेन्द्र देव शर्मा ने अपनी निजी व्यवस्था से लोगों को राहत देने का प्रयास किया है । आज पुनः पार्षद नरेंद्र देव शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि शहर की परेशानी को देखते हुये तुरंत डोर टू डोर का टेंडर लगाया जाये व प्रक्रिया पूरी होने तक पूरे शहर की गलियों से कूड़ा उठान सुचारू रूप से शुरू किया जाए।

## डोर टू डोर कूड़ा उठान का टैंडर न लगने पर शहर की सफाई व्यवस्था बिगडी, 35 सफाई कर्मचरियों का रोजगार खत्म



जानकारी देते सीआईटीयू के नेता सतीश सेठी ।

**नारायणगढ़ :** प्रदेश सरकार के सुशासन के दावे खोखले साबित हुए। डोर टू डोर कूड़ा उठाने के ठेका की टेंडर फाइल का कोई अता पता नहीं। शहर में कचरे के ढेर लगे। सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के नेता सतीश सेठी व रमेश नन्हेंड़ा ने कहा कि नगरपालिका अधिकारियो की कार्यप्रणाली के चलते शहर में लगभग दो सौ टन कचरा इकठा हो गया है। ऊपर से दो दिन की बरसात के चलते अब यह गलियों में बिखरने लगा है। इस कारण बीमारी फैलने का खतरा बन गया है। परन्तु इतना होने के बावजूद प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर बैठा है। इस कारण जंहा शहरवासी परेशान हैं वंही कूड़ा उठाने वाले 35 सफाई कर्मचारियों का रोजगार भी खत्म हो गया है। कर्मचारी लगातार नगरपालिका कार्यलय में आकर सैक्ट्री व चेयरपरसन से काम मांग रहे हैं। परन्तु नया ठेका न होने के कारण उनको काम नहीं मिल रहा है। सीटू के प्रतिनिधिमंडल ने भी 26 दिसंबर को इस बारे सैक्ट्री से मुलाकात की तो उन्होंने बताया कि फाइल डीएमसी के पास अम्बाला गई हुई है। सीटू नेताओं ने कहा कि एक तरफ सरकार सुशासन की बात करती है तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री महोदय के गृह क्षेत्र में ही प्रशासन शहरवासियों को नरकीय जीवन में धकेल रहा है। पालिका जिस पर शहर को साफ सुथरा रखने का जिम्मा हैं वह खुद स्वच्छ्ता अभियान में रोढ़े अटकाने में लगी हुई है।इसलिए जिला उपायुक्त महोदय से अपील है कि मामला में फौरन हस्ताक्षेप करें ताकि शहरवासियो को राहत व सफाई कर्मचारियों को काम मिल सके।

# पहल: बीएयू के रेडियो चौराहा पर लगा है धातु निर्मित एक क्विंटल वजन का रेडियो

## अब स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रसारित करेगा कार्यक्रम

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**पटना।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) के सामुदायिक रेडियो की अनोखी पहल ढाई सौ एकड़ में फैले विश्वविद्यालय परिसर के आकर्षण का केन्द्र बना है. यहाँ लोग दिन हो या रात कार्यक्रम सुनते रहते हैं. विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन के पास मुख्य मार्ग पर स्थापित धातु निर्मित लगभग एक क्विंटल वजन वाले पाँच फीट चौड़े और तीन फीट लम्बे इस अनोखे रेडियो को छात्र-किसान और कृषि वैज्ञानिक दूर-दूर से देखने-सुनने आते हैं. यह उनके लिए सेल्फी लेने का हॉट-स्पॉट भी बना हुआ है. यू-ट्यूबरों के बीच भी इसका गजब का क्रेज है. पूसा के बाद राज्य के दूसरे विश्वविद्यालय के रूप में वर्ष 2010 में स्थापित इस विश्वविद्यालय ने अपने नवाचारी प्रयासों से सामुदायिक रेडियो की उपयोगिता और उत्सुकता को सकारात्मक दिशा दी है. सामुदायिक रेडियो 90.8 एफएम ग्रीन के पांचवें स्थापना दिवस पर 5 अगस्त 2024 को इस अनोखे रेडियो सेट को लगाया गया. उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त 2019 को एफ एम ग्रीन की स्थापना हुई थी। 90.8 एफएम ग्रीन ब्राण्ड नामह्व वाले भागलपुर के इस सामुदायिक रेडियो स्टेशन से चौबीस घंटे प्रसारण होता है. इसमें लगभग आधे कार्यक्रम कृषि आधारित होते है जिसमें किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी, पशुपालन, चारा उत्पादन, सामाजिक सहभागिता, पराली प्रबंधन, मशरुम की खेती एवं कचरा प्रबंधन के बारे में अद्यतन जानकारी दी जाती है. इसके अलावा, लगभग एक तिहाई प्रसारण सामाजिक विषयों और ज्ञान-विज्ञान पर आधारित होते हैं. शेष भाग में स्थानीय भाषा-संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम होते हैं. इस सामुदायिक रेडियो के प्रबंधन ने अब स्वास्थ्य संबंधी जागरूकतापरक कार्यक्रम बनाने और उसे प्रसारित करने की भी योजना बनायी है. इसके तहत चिकित्सकों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों से विशेष साक्षात्कार, स्वास्थ्य संबंधी अद्यतन सूचनाओं का प्रसारण तथा रोग विशेष के कारण और निदान पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रमों का




प्रसारण किया जाएगा। रेडियो सेट पर लगा है बार कोड और एलईडी लाइट सामुदायिक रेडियो 90.8 एफएम ग्रीन के केन्द्र प्रभारी एवं प्रस्तुतकर्ता ईश्वर चन्द्र बताते हैं कि इस रेडियो सेट पर बारकोड लगा है जिसे कोई भी आसानी से स्कैन कर हमारे पोडकास्ट को कभी भी और कहीं भी अपने मोबाइल पर सुन सकता है. इसमें एलईडी लाइट लगे हैं जिससे अँधेरे में भी यह चमकता रहता है. धातु का बना है इसलिए इस पर धूप-गर्मी-बरसात का कोई असर नहीं पड़ता है. उन्होंने बताया कि सन 2000 के बाद पैदा हुए जो बच्चे रेडियो से वाकिफ नहीं हैं और जिन्हें केवल मोबाइल फोन पर ही चीजों को देखना-सुनना पसंद है, ऐसे मिलेनियम बेबीज के लिए रेडियो से जुड़ने में यह पहल सहायक हो रहा है. उन्होंने बताया कि रेडियो के बारे में युवाओं की राय जानने के लिए 500 लोगों के बीच सैंपल सर्वे किया गया था जिसमें रेडियो के बारे में उनकी जानकारी नगण्य थी। विभिन्न अवसर पर किया जाता है प्रचार-प्रसार केन्द्र प्रभारी ईश्वर चन्द्र ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर एवं अन्य अवसरों पर सेल्फी पॉइंट बनाकर इस रेडियो चौराहा का प्रचार-प्रसार भी किया जाता है. विश्वविद्यालय के वार्षिक किसान मेला में भी रेडियो सेल्फी पॉइंट बनाया जाता है. उन्होंने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक रेडियो चौराहा के तकनीकी टीम का हिस्सा हैं. उनसे नियमित संवाद कर रेडियो की संचार सामग्रियों को बेहतर किया जाता है. उन्होंने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय, कटिहार में भी एक सामुदायिक रेडियो स्थापित करने की योजना है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय बनाने से पूर्व सबौर का यह केन्द्र महाविद्यालय के रूप में कार्यरत था. बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर 1905 और 1908 के बीच देश में स्थापित छह कृषि महाविद्यालयों में से एक है, जिसने देश में व्यवस्थित कृषि शिक्षा में बहुत बड़ा योगदान दिया है. इसकी स्थापना में बंगाल के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर सर एंड्रयू हेंडरसन लीथ फ्रेजर का बड़ा योगदान था. वर्ष 2010 में विश्वविद्यालय बनने के बाद सूबे के 6 कॉलेज (5 कृषि और 1 बागवानी) तथा 3 कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों में फैले 13 अनुसंधान केंद्र सम्बद्ध हैं. विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 25 जिलों में से 20 केवीके भी स्थापित हैं।

## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. (डॉ.) देवदत्त चतुर्वेदी को प्रो. वाहिद उद्दीन मलिक स्मारक पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के भौतिक विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) देवदत्त चतुर्वेदी को भारतीय रसायन विज्ञान परिषद (ICC) द्वारा प्रतिष्ठित प्रो. वाहिद उद्दीन मलिक स्मारक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय रसायन विज्ञान परिषद के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान मॉडर्न कॉलेज ऑफ साइंस, आर्ट्स एंड कॉमर्स, गणेशखिंड, पुणे में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उन्हें रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय अनुसंधान और शिक्षण के लिए प्रदान किया गया। प्रो. चतुर्वेदी ने रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इससे पूर्व उन्हें युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, टेट्राहेड्रोन सर्वाधिक उद्धृत पेपर




पुरस्कार, और सर्वोच्च प्रभाव कारक पुरस्कार जैसे कई प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने दी बधाई कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने प्रो. चतुर्वेदी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, "प्रो. देवदत्त चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मैं उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। उनका यह सम्मान विश्वविद्यालय की शोध संस्कृति को और सुदृढ़ करेगा। प्रो. शिरीष मिश्रा, प्रो. रंजीत कुमार चौधरी, प्रो. प्रणवीर सिंह, प्रो. प्रसून दत्त सिंह, प्रो. रंजीत कुमार चौधरी, प्रो. सुनील महावर, सभी विभागाध्यक्षों एवं गणित विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. शेव कुमार सिंह, डॉ. बबीता मिश्रा, डॉ. अमिताभ ज्ञान रंजन और डॉ. राजेश प्रसाद ने भी प्रो. देवदत्त चतुर्वेदी को बधाई दी।२

# आपका रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है, बढ़-चढ़ कर करें रक्तदान- जिलाधिकारी

## रेडक्रास सोसाइटी के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन, डीएम व एसपी ने किया शुभारंभ

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने रेडक्रास सोसाइटी के तहत सिटी सेंटर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया। जिलाधिकारी ने युवाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्यजनों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की।जिलाधिकारी ने कहा कि आपका रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है। अधिकांश महिलाओं को प्रसव के दौरान रक्त की आवश्यकता होती है, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों और थेलेसीमिया के मरीजों को भी रक्त की जरूरत रहती है। आपका रक्त उन्हें नवजीवन प्रदान करने में सहायक होगा। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिलाधिकारी ने क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीन युक्त पोषण पोटली की किट दी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ साथ गणमान्य व्यक्ति भी क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें स्वस्थ होने तक उनकी दवा से लेकर स्वस्थ्य होने तक देखभाल करें।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि मरीज को टीबी की दवा समय से उपलब्ध हो व मरीज समय से पूरी दवा छह महीने तक खायें। दवा खाने के दौरान दो महीने से छह महीने पर फ़ॉलोअप भी करवाएं, जिससे पता चल सके कि मरीज ठीक हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीज को दवा खाने के दौरान मिलने वाली 06 हजार प्रति छः माह में दो किस्तों में 3-3 हजार की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उसके खाते समय से पंहुचाई जा रही है, जिससे मरीज पोषण युक्त खाना अपने आहार में शामिल कर सके। इस दौरान उपस्थित लोगों को टीवी मुक्ति की शपथ दिलाई गई



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, क्षय रोग अधिकारी, रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कच्छप गति से चल रहे धनुताल के सौन्दर्यीकरण पर जांच टीम ने दिखाई नाराजगी

■ कोंच

धनुताल सौन्दर्यीकरण काम धीमी गति से होने पर जांच करने आई टीम ने नाराजगी व्यक्त की।जांच टीम ने धनुताल पहुंचकर सौन्दर्यीकरण कार्य को देखा। टीम ने जमीन समतलीकरण कराये जाने, तालाब में भरे गंदे पानी को खाली कर साफ़ पानी भरे जाने और तालाब में प्रदूषित गंदे पानी के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के निर्देश दिए। अभी तक सिर्फ बाउंड्रीवाल का ही निर्माण कार्य होता देख टीम ने नाराजगी जताते हुए शीघ्र ही सभी कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका जेई अरुण कुमार उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि 2 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से धनुताल के चारों ओर बाउंड्रीवाल, एक नया गेट, महिला-पुरुष शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, वाटरहॉल, बैठने के लिए बेंचें, कूड़ादान आदि की व्यवस्था की जानी है। इसके अलावा बाउंड्रीवाल के बाहर चारों ओर पक्की सड़क का भी निर्माण कार्य किया जाना है।



## मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं को किया जागरूक

■ उरई

मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

## अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नवविवाहित का उत्पीड़न करने पर 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

■ कालपी-उरई

10 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर नवविवाहित का उत्पीड़न करने के मामले में पीड़िता के द्वारा पति सहित आधा दर्जन ससुरालियों के खिलाफ कालपी कोतवाली में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया।

उक्त प्रकरण को लेकर वादिनी मोनिका पुत्री मुन्ना बाल्मीकि निवासी मुहल्ला तरीबुल्दा ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थिनी का विवाह 11-2-23 को ब्रजेश पुत्र राम प्रह्लाद निवासी पनकी कानपुर के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ था। प्रार्थिनी को उपहार स्वरूप वरना कार के लिए 13 रुपये नगद, एसी, फर्नीचर, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान दिया था। प्रार्थिनी को ससुराल में आरोपीगण पति ब्रजेश, ससुर राम प्रह्लाद, सास सुमिता देवी, देवर सर्वेश, देवरानी मनीषा तथा जेठ राजेश प्रार्थिनी को परेशान करके मारपीट करने लगे तथा जान से मारने की धमकी देने लगे। उक्त आरोपी अपने पिता से दस लाख रुपये लेकर आने के लिए दबाब बनाने लगें, समय-समय पर शारीरिक तथा मानसिक उत्पीड़न करने लगें। 20-7-24 को प्रार्थिनी ने कालपी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया तथा 27-7-24 को समझौता कराकर प्रार्थिनी को ससुराल भेज दिया गया। इसके वाबजूद भी फिर से 10 लाख रुपये की मांग की जाने लगी। प्रार्थिनी का पति दिनांक 11-9-24 को कालपी रेलवे स्टेशन में छोड़कर चला गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न के अंतर्गत अभियोग दर्ज कर लिया है।

# बुन्देलखण्ड राज्य बनाने की मांग को लेकर नगर में निकाली गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा

## हर घर से निकले बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की मांग- राजा बुन्देला

■ कोंच

बुंदेलखंड अलग राज्य निर्माण की मांग को लेकर गांव-गांव पांव-पांव यात्रा पर निकले बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के अगुवाकार सुप्रसिद्ध सिने स्टार राजा बुंदेला ने यहां कोंच पहुंचने पर नगर में यात्रा निकाली। उन्होंने लोगों से कहा, उनकी तो जैसे तैसे कट गई, अब यह नई पीढ़ी के भविष्य को बचाने की लड़ाई है। हम बुजुर्गों और नौजवानों के बीच की कड़ी हैं और नई पीढ़ी का भविष्य तभी बच सकेगा जब उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के बीच विस्तार पा रहा बुंदेलखंड अलग राज्य बने।




बुंदेलखंड अलग राज्य की मांग लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में विभिन्न संगठनों द्वारा बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में निकाली जा रही पदयात्रा ने जनपद जालौन के कोंच नगर सहित लौना, कुंवरपुरा, गोरा, बस्ती, तीतरा, क्योंलारी आदि गांवों में भ्रमण किया। कोंच नगर में प्रवेश पर पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजा बुंदेला के नेतृत्व में पदयात्रा में शामिल होने वालों में डॉ उमाशंकर सोनी, शिक्षक नेता अशोक राठौर, यात्रा संयोजक डॉ. आश्रय सिंह, शिवम् चौहान सोनू (अध्यक्ष बुन्देली सेना जालौन), डॉ मुहम्मद नईम, अंकुर यादव, सुरेन्द्र पाल सिंह, प्रताप सिंह बुंदेला आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

सूरज ज्ञान महाविद्यालय, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कालेज में राजा बुंदेला ने विद्यार्थियों व नगर के गणमान्य लोगों को बुंदेलखंड राज्य की मांग का औचित्य बताया। कस्बे के बाजारों में व्यापारियों व विभिन्न संगठनों ने पांव पांव यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यहां मुरली मनोहर उत्सव गृह में आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य अवश्य बनेगा।

बुंदेलखंड राज्य बना तो तरक्की के नए द्वार खुलेंगे। दो राज्यों में विभाजन के बाद भी बुंदेलखंड का गौरव कम नहीं हुआ है। बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा पृथक बुंदेलखंड के लिए गांव गांव काम कर रहा है। बुंदेलखंड हर बुंदेलखंडी की मांग है। इस पदयात्रा के माध्यम से सरकार भी यह बात समझेगी। अलग राज्य बनने पर बुंदेलखंड भारत का मुकुट बनेगा। संचालन डॉ. आश्रय सिंह ने किया। यात्रा को नागरिकों एवं ग्रामीणों ने भारी संख्या में समर्थन दिया। ग्राम प्रधानों ने प्रथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण हेतु राजा बुंदेला को समर्थन पत्र सौंपा। इस अवसर पर राजा बुंदेला के साथ शिक्षक नेता अशोक राठौर, डॉ.आश्रय सिंह यात्रा संयोजक, शिवम चौहान सोनू अध्यक्ष बुंदेली सेना, प्रताप बुंदेला किसान नेता, सुरेंद्र पाल सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह, सोनू चौहान हिम्मतपुर, रामवीर सिंह, विकास लखेरा, सत्यम राठौर, बृजबल्लभ सिंह सेंगर, डॉ. दिलीप अग्रवाल, डॉ. मोहम्मद नईम, सरनाम सिंह यादव, ओमप्रकाश, अंकुर यादव, अनिल कुमार वैद एडवोकेट, मनोहर सिंह, डॉ. आशुतोष मिश्रा, रोहित राठौर, गजेंद्र सिंह राजावत, मनमोहन दीक्षित, मोहनदास नगाइच, ट्रिंकल राठौर, शंभु दयाल पटेल, पवनदीप निषाद, संजीव सोनी सरस, अनिल कपूर, चतुर्भुज चंदेरिया, संजय सोनी, अमरेंद्र दुवे, विवेक द्विवेदी, अंकुर राठौर, यूनुस मंसूरी, दिनेश घुरा, चंदू सोनी आदि उपस्थित रहे।

## आपसी विवाद में पुलिस ने की दो पर कार्रवाई

**कोंच।** दीवार को अपनी बताकर उसे गिरा देने को लेकर दो पक्षों में हुए वाद विवाद पर पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति पर शांति भंग की कार्यवाही कर दी है। जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला सुभाष नगर निवासी विवेक पुत्र सत्यप्रकाश ने बताया कि उसकी दीवार को अपनी दीवार बताकर शिवम पुत्र राधेकृष्ण श्रीवास्तव ने तोड़फोड़ कर उसे गिरा दी। उक्त मामले को लेकर विवाद बढ़ने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और विवेक सहित शिवम को कोतवाली ले गयी जहाँ कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही कर दी। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को कानून हांथ में नहीं लेने दिया जाएगा और शांति व्यवस्था भंग कर कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## किसान सम्मान निधि का लाभ लेना है तो फार्मर रजिस्ट्री करा ले- एसडीएम



**कोंच।** किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे संबंधित किसानों को सम्मान निधि का लाभ तभी मिल सकेगा जब उनकी फार्मर रजिस्ट्री होगी, इसलिए सभी किसान फार्मर रजिस्ट्री कराने में लापरवाही न दिखाएं और शीघ्र से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करा लें।

उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने जारी विज्ञप्ति में तहसील क्षेत्र के किसानों को जागरुक करते हुए बताया है कि फार्मर रजिस्ट्री के तहत लेखपाल एप के जरिए उनकी जमीन का पूरा ब्योरा अपलोड कर सत्यापित किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसान के पास जिस किसी भी जनपद में जमीन होगी उसका डिजिटल ब्योरा अपलोड हो जाएगा। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी उनको किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। एसडीएम ने कहा कि संबंधित किसान बेब पोर्टल http://upfr. Agristack.gov. in और मोबाइल एप farmer ragistry up पर आधार लिंक मोबाइल नंबर से अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ सुगमता से लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना किसानों के लिए आवश्यक है।

## समाजसेवी की पुण्यतिथि पर गरीबों को बांटे गए कंबल

■ कोंच

सामाजिक न्याय व किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष/ जद(यू) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश निरंजन भैयाजी के दिवंगत पिता समाजसेवी स्व. रामसेवक महते सदूपुरा की 30 वीं पुण्यतिथि पर दरिद्र नारायण सेवा समिति के आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में जुटे तमाम गणमान्य लोगों ने स्व. महते को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी शालिगराम बाबूजी ने कहा, स्व. रामसेवक महते एक ऐसे सहृदय व्यक्ति थे जिन्होंने जीवन भर शोषितों वंचितों की मदद की। उनके अच्छे कामों की वजह से वह अमर हो गए। लोगों को उनके कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। दरिद्र नारायण सेवा समिति में आयोजित कार्यक्रम में ब्रजबल्लभ सिंह सेंगर, कढोरेलाल यादव आदि अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। अतिथियों व उपस्थित क्षेत्रवासियों ने स्व. रामसेवक महते के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको नमन किया। जानेमाने कवि साहित्यकार नरेंद्र मोहन मित्र, मनोहर सिंह निरंजन ने काव्य प्रसूनों के माध्यम से स्व. रामसेवक महते को श्रद्धांजलि दी, साथ ही दीन दुखियों की सेवा की महत्ता बताई। कार्यक्रम के अंत में भैयाजी की ओर से सभी मंचस्थ अतिथियों ने सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल बांटे और उन्हें भोजन कराया। संचालन शिक्षक राजेंद्र दुवे ने किया, भैयाजी ने आभार जताया। इस दौरान प्रो. वीरेंद्र सिंह, रामप्रकाश निरंजन, प्रभुदयाल गौतम,वीरेंद्र चमरसेना, मुहम्मद अहमद, लाखन सिंह निरंजन, बब्बूराजा नरी, केशव बबेले, अशोक निरंजन, नीमा अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन, पिंकू फुलैला, राजेश सिंह राजावत, अरुण पालीवाल, राजीव रेजा, शिव कुमार निरंजन, सेवराम निरंजन, नासिर बोस, केदार निरजंन, राजीव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# पक्षियों के झुंड से विमान की टक्कर और चली गई 179 यात्रियों की जान



**दक्षिण कोरिया।** के मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए जेजू एयर विमान में सवार 181 यात्रियों में से महज दो ही लोग जिंदा बच पाए हैं। दोनों चालक दल के सदस्य हैं। बाकी के 179 यात्रियों की दुखद घटना में मौत हो गयी है। सामने आयी जानकारी के अनुसार, अधिकारियों का मानना है कि विमान हादसा पक्षियों के टकराने की वजह से हुआ। पक्षियों के झुंड से टकरा जाने की वजह से विमान का लैंडिंग गियर खराब हो गया और वह रनवे से फिसलकर हवाई अड्डे की दीवार से टकराने के बाद आग की लपटों में घिर गया। जेजू एयर के सीईओ किम ई-बे ने एक बयान जारी कर दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, किम ने अपने बयान में कहा, 'कारण चाहे जो भी हो, मैं सीईओ के रूप में पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।' जेजू एयर कंपनी ने दुर्घटना से निपटने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ने का आश्वासन दिया। एक बयान में, कंपनी ने कहा, 'जेजू एयर दुर्घटना का जवाब देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।'

### >> पायलट ने भेजा था संदेश

परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि संचार रिकॉर्ड के उनके शुरूआती आकलन से पता चला कि हवाई अड्डे के नियंत्रण टॉवर ने विमान को उतरने से कुछ समय पहले पक्षियों के टकराने की चेतावनी जारी की और पायलट को एक अलग क्षेत्र में उतरने की अनुमति दी। अधिकारियों ने कहा कि पायलट ने दुर्घटना से पहले संकट संकेत भेजा था।

### >> पूरी तरह नष्ट हुआ विमान

मुआन अग्निशमन केंद्र के प्रमुख ली जियोंग-ह्योन ने संवाददाताओं से कहा कि विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है और मलबे के बीच केवल टेल असेंबली ही पहचानी जा सकती है। ली ने बताया कि कर्मचारी दुर्घटना के कारणों के बारे में विभिन्न संभावनाओं की जांच कर रहे हैं। इसमें विमान के पक्षियों से टकराने के पहलू की भी जांच की जा रही है।

# अफगान तालिबान बलों की गोलीबारी में एक पाकिस्तानी सैनिक की मौत, 11 अन्य घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सीमा चौकियों पर अफगान तालिबान बलों द्वारा की गई गोलीबारी में पाकिस्तानी अर्धसैनिक बल के एक जवान की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। गोलीबारी की यह घटना पाकिस्तान द्वारा प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों को निशाना बनाकर किए गए हमलों के कुछ दिन बाद हुई। रक्षा विभाग के सूत्रों ने कहा कि अफगान सैनिकों ने शनिवार सुबह ह्यअपर कुर्रम जिले में कई पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी की। सूत्रों ने बताया कि अफगान सैनिकों ने



घोजगढ़ी, माथा संगर, कोट राघा और तारी मेंगल इलाकों में स्थित सीमा चौकियों पर हल्के व भारी हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे दूसरी तरफ भी काफी नुकसान हुआ और गोलीबारी में अफगान सेना के सात से आठ जवान मारे गए। सूत्रों ने बताया कि गोलीबारी में पाकिस्तान फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी का एक जवान मारा गया और 11 अन्य जवान घायल हो गए। गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय हुई जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर प्रतिबंधित टीटीपी आतंकवादियों पर हमला किया। शुक्रवार रात आतंकवादियों ने अफगान तालिबान द्वारा नियंत्रित चौकियों का उपयोग कर पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया जिसे विफल कर दिया गया। इसके बाद अफगान तालिबान बलों ने शनिवार को हमला किया।

# टेक्सास और मिसिसिपी में तूफान से दो लोगों की मौत, छह लोग घायल

**टेक्सास।** और मिसिसिपी में शनिवार को आए कई तूफानों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। तूफान से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और ढेरों वाहन पलट गए। ब्राजोरिया काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता मैडिसन पोलस्टन ने बताया कि ह्यूस्टन के दक्षिण में स्थित लिवरपूल क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पोलस्टन ने बताया कि लिवरपूल और हिलक्रेस्ट विलेज तथा एल्विन के बीच काउंटी में कई स्थान तूफान से प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि अब तक अधिकारियों को लगभग 10 क्षतिग्रस्त मकानों के बारे में पता चला है लेकिन वे अब भी नुकसान के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। मिसिसिपी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार मिसिसिपी में एडम्स काउंटी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और फ्रैंकलिन काउंटी में दो लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि बुड और ब्रैंडन शहर के आसपास आए तूफानों में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

### 1 जनवरी से डेटा भेजेगा

# सूरज के सबसे करीब पहुंचा नासा का स्पेसक्रॉफ्ट 982 डिग्री तापमान में भी सुरक्षित रहा

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा के स्पेसक्राफ्ट पार्कर सोलर प्रोब ने 24 दिसंबर की शाम को सूरज के बेहद करीब पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया है। नासा का यह यान सूरज से करीब 61 लाख किमी की दूरी से गुजरा। ये दुनिया का पहला यान है जिसने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है। एजेंसी ने आगे कहा कि पार्कर सोलर प्रोब यान 1 जनवरी को अपनी स्थिति और खोजों का विस्तृत डेटा भेजेगा। सूरज के पास से गुजरते समय स्पेसक्राफ्ट की स्पीड 6.9 लाख किमी/घंटा से अधिक थी। उस वक्त यह यान 982 डिगी सेल्सियस गर्मी झेल रहा था। इतनी तेज गर्मी के बावजूद यान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

पार्कर सूरज के जिस बाहरी वातावरण से गुजरा उसे कोरोना कहते हैं। यह सूर्य और हमारे सौर मंडल पर इसके प्रभाव को समझने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



### 27 दिसंबर को सिग्नल भेजा

नासा से मिली जानकारी के अनुसार पार्कर सोलर प्रोब ने 27 दिसंबर को धरती पर नासा के जॉन्स हॉपकिन्स एप्लाइड फिजिक्स लेबोरेटरी टीम को सिग्नल भेजा जिससे वैज्ञानिकों को उसके सुरक्षित होने और सही से काम करने के बारे में पता चला। नासा के इस मिशन का मकसद पृथ्वी के सबसे करीबी तारे सूरज के बारे में ज्यादा जानकारी इकट्ठा करना है। यान के सूरज के बाहरी वातावरण में पहुंचने से वैज्ञानिकों को सूरज के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### 6 साल पहले लॉन्च हुआ था पार्कर

पार्कर सोलर प्रोब को नासा ने 12 अगस्त 2018 को लॉन्च किया था। इसे सूरज के बाहरी वातावरण कोराना के नजदीक से अध्ययन करने के मकसद से लॉन्च किया गया था। इसके जरिए सोलर विन्ड्स यानी सौर हवा के सिस्टम को समझने की कोशिश की जा रही है। इसका नाम भी सोलर साइंटिस्ट यूजीन पार्कर के नाम रखा गया है। पार्कर ने ही सबसे पहले सोलर विन्ड्स के बारे में जानकारी दी थी। 2022 में यूजीन पार्कर का निधन हो गया है। पहली बार किसी वैज्ञानिक के जीवित रहते हुए उनके नाम पर अंतरिक्षयान का नाम रखा गया था। पार्कर सोलर प्रोब ने 2021 में पहली बार सूरज के नजदीक से उड़ान भरी थी। इतिहास में पहली बार कोई यान ने सूरज के इतने नजदीक से गुजरा था। इसे कुल 24 बार सूरज के नजदीक से गुजरने के लिए बनाया गया था। सूरज की गर्मी से बचाने के लिए इसे 4.5 इंच मोटे कार्बन-कंपोजिट हीट शील्ड के साथ लैस किया गया है।

### NASA बोला– सही तरीके से काम कर रहा है पार्कर यान

टाइम्स पर इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक नासा ने जानकारी देते हुए कहा- 'सूर्य के सबसे करीब पहुंचने के बाद पार्कर सोलर प्रोब ने एक बीकन टोन भेजा है जो यह दर्शाता है कि यह अच्छी स्थिति में है और सामान्य रूप से काम कर रहा है। यह हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि यान खराब स्थिति में सूर्य के चारों ओर चक्कर लगा रहा था '। अगर पार्कर यान 27 दिसंबर तक धरती पर सिग्नल नहीं भेजता तो नासा के लिए ये बुरी खबर मानी जाती। इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिक नूर रवाफी ने कहा कि पार्कर ने 24 दिसंबर को जो तस्वीरें ली हैं, वो अगले साल जनवरी में नासा को मिलेंगी। इसके बाद बाकी के डेटा तब मिलेंगे जब वो सूरज से और दूर चला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन का अमेरिकी टेलीकॉम पर साइबर अटैक

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि नौवीं अमेरिकी दूरसंचार कंपनी को चीनी जासूसी अभियान के तहत हैक कर लिया गया है, जिससे बीजिंग में बैठे अधिकारियों को अज्ञात संख्या में अमेरिकियों के निजी संदेशों और फोन पर हुई बातचीत के बारे में जानकारी मिल गई है। बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने इस महीने कहा था कि कम से कम आठ दूरसंचार कंपनियां और दर्जनों देश 'साल्ट टाइफून' के नाम से जाने जाने वाले चीनी हैकिंग हमले से प्रभावित हुए हैं। इस बीच, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ऐनी न्यूबर्गर ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि चीनी हमले की शिकार नौवीं दूरसंचार कंपनी की पहचान हुई है।

### अपदस्थ राष्ट्रपति असद के समर्थकों की धरपकड़ तेज

दमिश्क। सीरिया से भागकर रूस में शरण लेने वाले अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थक नेताओं और अधिकारियों की धरपकड़ का अभियान आज शुरू किया गया। सीरिया में नियंत्रण पा चुके हयात तहरीर अल-शाम के सदस्य इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। इन लोगों के हाथ में सीरिया के सैन्य विभाग की कमान है। इस अभियान के दौरान झड़पों के बाद कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। सैन्य विभाग ने अपदस्थ राष्ट्रपति के समर्थकों और अधिकारियों को पकड़ने के लिए आज देश के लताकिया गवर्नरेट में व्यापक अभियान शुरू किया।

### त्रिंकोमाली में मिले ड्रोन को श्रीलंका ने भारत का बताया

**कोलंबो।** श्रीलंका के कुछ मछुआरों को त्रिंकोमाली समुद्र तट के पास एक मानव रहित ड्रोन मिला है। श्रीलंका ने इसे भारतीय वायुसेना का लक्ष्य आधारित ड्रोन बताया है। इसकी जांच के लिए एक विशेष रक्षा दल नियुक्त किया गया है। यह ड्रोन तट से लगभग 35 समुद्री मील दूर मिला है। डेली मिरर के अनुसार, श्रीलंकाई वायुसेना के प्रवक्ता ग्रुप कैप्टन एरंडा गीगनेज ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ऐसे ड्रोन का उपयोग आमतौर पर प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान रक्षा बल करते हैं। श्रीलंका के पास ऐसा कोई ड्रोन नहीं है।

### शराब मामले में रायपुर और सुकमा में एक साथ कार्रवाई

# ईडी की पूर्व मंत्री कवासी लखमा और उनके पुत्र के यहां छापेमारी

रायपुर/जगदलपुर



राज्य में एक बार फिर भारतीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा है। ईडी की टीम ने रायपुर और बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित सुकमा में दबिश दी है। मिली जानकारी के अनुसार भूपेश सरकार में मंत्री रहे कवासी लखमा के रायपुर स्थित धरमपुरा के मकान में और उनके पुत्र सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा के सुकमा स्थित आवास पर छापेमारी की है। इसके साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू के आवास पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों के जवान मौजूद हैं। रायपुर में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के घर में ईडी की टीम जांच-पड़ताल कर रही है। यहां भी बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवान मौजूद हैं। पूर्व मंत्री कवासी लखमा के पुत्र हरीश कवासी पिछले दो बार से जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। वहीं उनके पिता कवासी लखमा कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। नगरीय निकाय चुनाव से पहले छापेमारी से कांग्रेस नेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### धमतरी और गरियाबंद में एनआईए का छापा

धमतरी और गरियाबंद जिले में एनआईए ने एक साल पहले पोलिंग पार्टी पर हमला करने की घटना के संबंध में 11अलग-अलग लोगों के घरों में छापा मारा। सभी इस घटना के संदिग्ध बताए गए हैं। इनके घरों से एनआईए ने करीब डेढ़ लाख रुपये कैश, आईईडी, नक्सल साहित्य, और कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई कल की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, गरियाबंद और धमतरी जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्र रावनडिग्गी, सेमरा, मैनपुर, घोरागांव, केराबाहरा और गरियाबंद में 11 संदिग्धों के ठिकानों पर तलाशी ली गई। यह लोग संदिग्ध प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) आतंकी संगठन के मैनपुर-नुआपाड़ा डिवीजन के ओवर ग्राउंड वर्कर (ओडब्ल्यूजी) और समर्थक हैं।




### मुख्यमंत्री योगी ने केन्द्रीय गृह मंत्री शाह को दिया महाकुंभ का न्योता

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई गणमान्य लोगों से मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ मेला-2025 के लिए निमंत्रण दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नई दिल्ली दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सदन में मिजोरम के राज्यपाल डॉ जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह के साथ शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। गृहमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की।

### एएसआई का सर्वे जारी

# संभल में प्राचीन बावड़ी का सिरा तलाशने में जुटी सर्वे टीम

एजेंसी, संभल

उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी स्थित मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मणगंज में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे आठवें दिन शनिवार को भी जारी रहा। एएसआई टीम के निर्देशन में प्राचीन बावड़ी की खुदाई और मिट्टी हटाने का काम चल रहा है। चंदौसी नगर पालिका के 50 मजदूर शाम करीब 5:00 बजे तक बावड़ी की साफ-सफाई में लगे रहे। इसके बाद खुदाई रोक दी गई। अब रविवार को फिर खुदाई होगी। अब तक की खुदाई में 14 से अधिक सीढ़ियां और सीमेंट के बने खंभे मिले हैं। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि एएसआई टीम ने बावड़ी का सिरा और कुआं तलाशने के लिए कहा है। ऐसे में बावड़ी के ऊपर किया गया अतिक्रमण हटाया जाएगा, ताकि उसके ऊपर



बने तीन मकानों पर भी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई हो सके। शनिवार सुबह से मजदूरों की एक टीम बावड़ी की ऊपरी मंजिल के गलियारों से मिट्टी निकालने में जुट गई तो दूसरी टीम सड़क की ओर के हिस्से में कुएं और बावड़ी के सिरे की तलाश को लेकर खुदाई में जुटी रहीं।

### सड़क के नीचे मिला कमरा

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मजदूरों ने सड़क पर खुदाई की तो अंदर गड्ढा नजर आया। ऊपर की मिट्टी हटाई तो दीवारें नजर आने लगीं। सड़क के पत्थर उखाड़ कर आगे खुदाई कराई तो एक कमरा नजर आया। इसकी चारों दीवारों पर गेट बने दिखाई दे रहे थे। माना जा रहा है कि यहीं पर बावड़ी का कुआं है। भूमिगत बावड़ी की इंटरलॉकिंग सड़क पार तक हो सकती है। बावड़ी का गेट दूसरी ओर है, जहां दोनों साइड में दो मकान बने हैं।

# मदर डेयरी का जोनल इंचार्ज पकड़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को 45,000 रुपए की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में मदर डेयरी (साउथ जोन), दिल्ली के आरोपित जोनल इंचार्ज (वरिष्ठ अधीक्षक, बिक्री) को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने शनिवार को जोनल इंचार्ज के खिलाफ शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। इसमें आरोप लगाया गया कि आरोपित ने शिकायतकर्ता से उस की डिस्ट्रीब्यूशनशिप रद्द न करने के लिए 60,000 रुपए की रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद आरोपित ने रिश्वत की राशि घटाकर 45,000 रुपए करने पर सहमति जताई। सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपित को शिकायतकर्ता से 45,000 रुपए की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

**45,000 रुपए की मांगी थी रिश्वत**

# कांग्रेस का वितंडा उसी के गले पड़ा

गांधी परिवार ने परंपरागत लाशों की राजनीति करते हुए सिख प्रधानमंत्री का अपमान बता दिया।




26-27 दिसंबर 2024 को कुछ ऐसा हुआ कि मोदी सरकार कांग्रेस के कटघरे में खड़ी हो गई। कांग्रेस ने बवाल खड़ा कर दिया। इसी बवाल ने 23 दिसंबर 2004 की याद ताजा कर दी, जिसने उलटे कांग्रेस खासकर सोनिया गांधी को कटघरे में खड़ा कर दिया। 23 दिसंबर 2004 को असल में दिल्ली के एम्स में नरसिम्हा राव ने अंतिम सांस ली थी। इसी एम्स में 26 दिसंबर 2024 को मनमोहन सिंह ने भी अंतिम सांस ली। नरसिम्हा राव ताजिंदगी कांग्रेस के बड़े नेता रहे। वह आंध्र प्रदेश के मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्र में मंत्री, कांग्रेस के महासचिव और पांच साल अध्यक्ष भी रहे थे। लेकिन, मनमोहन सिंह की पहले की सरकार में ब्यूरोक्रेट के तौर पर लेटरल एंट्री हुई थी, जिसका अब गांधी परिवार विरोध कर रहा है। फिर नरसिम्हा राव ने ही उन्हें वित्त मंत्री बनाकर सरकार में शामिल किया था। कांग्रेस पार्टी में उनका कोई इतिहास नहीं था। लेकिन, जहां नरसिम्हा राव गांधी परिवार के लिए नफरत का कारण बन गए थे, वहीं मनमोहन सिंह गांधी परिवार के चहेते बन गए। नरसिम्हा राव की जब मौत हुई थी, तब केंद्र में कांग्रेस की ही सरकार थी। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, जिन्हें खुद नरसिम्हा राव राजनीति में लेकर आए थे। लेकिन, सरकार और पार्टी दोनों की कमान सोनिया गांधी के हाथ में थी। नरसिम्हा राव का परिवार चाहता था कि उनका दाह संस्कार दिल्ली में किया जाए। उनके बेटे प्रभाकर राव ने मनमोहन सिंह के सामने परिवार की इच्छा भी जाहिर की थी, लेकिन सोनिया गांधी नहीं चाहती थी, इसलिए मनमोहन सिंह के हाथ बंधे थे। मजबूरन नरसिम्हा राव के परिवार को उनका शव हैदराबाद ले जाना पड़ा। शव जब एयरपोर्ट के लिए ले जाया जा रहा था तो उसे अंतिम दर्शन के लिए कांग्रेस मुख्यालय ले जाया गया था। ऐसी परंपरा भी रही है कि मनमोहन सिंह का शव भी कांग्रेस मुख्यालय ले जाया गया। लेकिन, नरसिम्हा राव के लिए सोनिया गांधी ने24 अकबर रोड के दरवाजे बंद करवा दिए थे। नरसिम्हा राव की देह एक घंटा दरवाजा खुलने का इंतजार करती रही। जबकि, दूसरी तरफ मनमोहन सिंह कभी भी कांग्रेस के नेता नहीं रहे थे, वह एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री थे। क्योंकि, कई कारणों से सोनिया गांधी प्रधानमंत्री नहीं बन पा रही थी। एनएसी के माध्यम से सरकार की बागडोर हमेशा सोनिया गांधी के हाथों में रही। मनमोहन सिंह को एक बार नहीं, कई बार अपमान का घूंट पीना पड़ा। यहां तक कि राहुल गांधी ने उनकी की कैबिनेट से पास अध्यादेश फाड़ कर उनका अपमान किया। मनमोहन सिंह को कैबिनेट का पारित प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था। इससे पहले भी मनमोहन सिंह जब योजना आयोग के उपाध्यक्ष थे तो राजीव गांधी ने मनमोहन सिंह समेत योजना आयोग के सभी अधिकारियों को जोकर कहा था। आज ज्यादा इतिहास खंगालने की जरूरत नहीं है। अब कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे हैं, लेकिन कांग्रेस की बागडोर आज भी सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी के हाथ में है। खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिठ्ठी लिखकर कहा कि मनमोहन सिंह का दाह संस्कार उसी जगह पर किया जाए, जहां उनका स्मारक भी बनाया जाए। खड़गे ने यह चिठ्ठी लिखकर नरसिम्हा राव के परिवार और उनके समर्थकों के घाव तो हरे कर ही दिए हैं, सोनिया गांधी को भी शर्मसार कर दिया है। दूसरी तरफ, गृहमंत्री अमित शाह पहले ही मनमोहन सिंह के परिवार को स्मारक बनाने के लिए तीन-चार दिन में जगह तय करने की बात कह चुके थे। परिवार ने निगम बोध घाट पर दाह संस्कार पर सहमति भी दे दी थी। इसके बावजूद कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए वितंडा (निरर्थक विवाद) खड़ा कर दिया। गांधी परिवार ने परंपरागत लाशों की राजनीति करते हुए सिख प्रधानमंत्री का अपमान बता दिया। जबकि, इसी दिल्ली में 1984 में कांग्रेस नेताओं ने सिखों का कत्ल-ए-आम किया था। 1984 के चुनाव में तब इंदिरा गांधी की लाश पर वोटों की राजनीति की गई थी। अगर मनमोहन सिंह पहले सिख प्रधानमंत्री थे तो क्या नरसिम्हा राव भी देश के पहले दक्षिण भारतीय प्रधानमंत्री नहीं थे, क्या तब सोनिया गांधी ने दक्षिण भारत का अपमान नहीं किया था। दिल्ली विधानसभा के चुनाव नजदीक है और दिल्ली में सिख मतदाताओं की संख्या मायने रखती है। इसलिए कांग्रेस ने इसे सिखों का अपमान बता दिया है, जबकि मनमोहन सिंह कभी भी सिखों के नेता नहीं थे। वह कभी लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाए। जिस कांग्रेस ने चन्द्रशेखर, इंद्रकुमार गुजराल और चौधरी चरण सिंह का स्मारक राजघाट परिसर में नहीं बनने दिया, उस कांग्रेस को क्या अधिकार है कि वह मनमोहन सिंह का स्मारक राजघाट क्षेत्र में बनाने की मांग करे। दिल्ली में सिख वोटों की भाजपा को भी जरूरत है, इसलिए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मनमोहन सिंह का स्मारक राजघाट परिसर में बना दिया जाए। दरअसल, नरेंद्र मोदी ने मनमोहन सिंह की मौत पर राष्ट्र के नाम संदेश जारी करके और भाजपा के बड़े नेताओं ने उनके घर जाकर श्रद्धांजलि देकर अपना नंबर बढ़ा लिया है। जबकि, मोदी और मनमोहन सिंह में जबर्दस्त तल्खी देखी गई थी, मोदी ने उन्हें मौनी बाबा और नाइट वाचमैन तक कहा था। यहां तक कि उनके समय में हुए भ्रष्टाचारों पर उनकी चुप्पी पर मनमोहन सिंह को रैनकोट पहन कर नहाने वाला बता दिया था और मनमोहन सिंह ने भी प्रधानमंत्री के तौर अपनी आखिरी पत्रकार वार्ता में कह दिया था कि मोदी का प्रधानमंत्री बनना देश के लिए विनाशकारी होगा। लेकिन, नरेंद्र मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं ने जिस तरह मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी है, उन्होंने राजनीतिक तौर पर लंबी लकीर खींच दी है।

# बांग्लादेश ने तनाव के बीच भारत से चावल खरीदा

### 27 हजार टन की खेप चटगांव पहुंची; बांग्लादेश बोला– भविष्य के संकट से बचने के लिए जरूरी

एजेंसी, ढाका

भारत और बांग्लादेश में लगातार बढ़ती तल्खी के बाद भी व्यापार जारी है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत से चावल इंपोर्ट करना शुरू कर दिया है। बांग्लादेश ने भारत से 2 लाख टन चावल खरीदने का फैसला किया है। शुक्रवार को 27 हजार टन चावल की पहली खेप बांग्लादेश के चटगांव पहुंच गई है। बांग्लादेश के एक फूड अधिकारी ने न्यूज एजेंसी ANI को बताया कि इस वक्त बांग्लादेश में चावल की कोई कमी नहीं है। हालांकि, हाल ही में आई भीषण बाढ़ के कारण सरकार ने भविष्य में संकट से बचने के लिए चावल इंपोर्ट करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा- बांग्लादेश की अंतरिम सरकार 2 लाख टन उबले चावल के अलावा टेंडर के जरिए भारत से 1 लाख टन चावल का इंपोर्ट करेगी।

### जी2जी लेवल पर और ज्यादा चावल आयातकरने का प्लान

अधिकारी ने कहा- टेंडर के अलावा हमारा प्लान सरकार से गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट लेवल पर भारत से और ज्यादा चावल इंपोर्ट करने का है। इसके अलावा भारत के प्राइवेट एक्सपोर्ट्स से अब तक 16 लाख टन चावल आयात करने के लिए बांग्लादेश सरकार से परमिशन ले ली है। उन्होंने बताया कि हमने म्यांमार के साथ 1 लाख टन चावल इंपोर्ट करने के लिए जी2जी समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही वियतनाम और पाकिस्तान से भी इसे लेकर चर्चा कर रहे हैं। बांग्लादेश ने कीमतों को स्थिर रखने के लिए चावल के इंपोर्ट पर सभी ड्यूटी हटा ली है। भारत से प्राइवेट लेवल पर जीरो इंपोर्ट ड्यूटी के साथ बड़ी मात्रा में चावल का निर्यात किया जा रहा है। भारत ने भी बांग्लादेश की नई सरकार के साथ काम करने की इच्छा जताई है। बांग्लादेश में भारत के हाई कमिश्नर प्रणय कुमार वर्मा ने हाल ही में कहा कि 5 अगस्त के उथल-पुथल भरे बदलावों के बाद भी, मुझे लगता है कि हमने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ पूरी ईमानदारी से काम किया है।

# मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन-स्मारक बनाने सियासी बवाल तेज-भारत पूछता है ऐसे नेक व्यक्तित्व को भारत रत्न नोबेल क्यों नहीं मिला?

## मनमोहन सिंह के देहांत के बाद अभूतपूर्व उपलब्धियां सुनकर, भारत पूछता है,उन्हें भारत रत्न जीवित रहते हुए क्यों नहीं मिला?

**साहेब! मैं आवाक हूं!अभूतपूर्व सेवाओं उपलब्धियों रूपी हीरो की खान को,जीते जी भारतरत्न नहीं मिला पंचतत्व में विलीन के बाद तो संज्ञान लिया जाए?- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र







**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर जब एक अद्भुत उपलब्धियों सेवाओं वित्तीय सुधारो के जनक कहे जाने वाले व्यक्तियों को अगर उस देश का ही सर्वोच्च सम्मान उसे जीते जी ना मिल पाए, तो मेरा मानना है यह उस देश के नागरिकों के लिए खेद की बात है, उन्हें तो नोबेल पुरस्कार भी मिलना चाहिए परंतु उन्हें नहीं मिल पाता है तो यह पूरे विश्व के लिए खेद की बात है, जिसका सटीक उदाहरण भारत के 10 वर्ष कार्यकाल के पूर्व पीएम व 1990-91 के वित्तीय सुधारो के जनक, अपनी जीरो टॉलरेंस वाली लाबी के धनी, कहीं कभी कोई पद नहीं मांगने वाले मौन व्यक्तित्व विपक्ष के चाहते व वर्तमान पीएम द्वारा संसद के हाल से सड़क तक कई बार उनकी तारीफ करने वाले व्यक्तित्व स्वर्गीय मनमोहन से हैं, जिनके देहांत के बाद जिस जज्बे के साथ राष्ट्रपति से लेकर पीएम तक व सीएम से लेकर आम आदमी तक द्वारा उनकी बेहद तारीफें व उपलब्धियां को गिनाया गया हैं तो, स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठना लाजिमी है कि, ऐसे सर्वगुण संपन्न व्यक्ति को अभी तक भारत रत्न से महफूज क्यों रखा गया, उन्हें जीते जी भारत रत्न से क्यों नहीं नवाजा गया? क्या हम इसके लिए दोषी नहीं है, इसका संज्ञान हमें जरूर लेना चाहिए, व इस गलती को शीघ्र सुधार कर भारत वासियों के हृदय में हो रही जिज्ञासा को तुरंत शांत कर उचित समय देखकर भारतरत्न की घोषणा किया जाना समय की मांग है। मेरा व्यक्तिगत तो पर मानना है। हालांकि स्वर्गीय मनमोहन सीधे तौर से एक पार्टी के साथ थे,पर भारत के हर राजनीतिक दल के वे चहेते थे, साफ सुथरी छवि वाले व्यक्ति थे। मैं पूछना चाहता हूं आज उनके पांच तत्वों में विलीन होने के बाद उन्हें भारत रत्न देने की मांग करीब हर विपक्षी पार्टियों उठा रही है, तो उनके जीवित रहते हुए इतने जोर-जोर से यह आवाज क्यों नहीं उठाई गई? सूत्रों से ऐसा पता चला है कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इसकी पहल जरूर की थी परंतु वह कामयाब नहीं हो सके,'या फिर सत्ताधारी पक्ष ने पिछले 10 वर्षों में उनकी उपलब्धियां को क्यों नहीं पहचाना? जो आज अपने श्रृद्धाजंलियों में गिना रहे हैं इसका संज्ञान उन्हें जरूर लेकर लेना चाहिए। मैं मानता हूं कि यदि उन्हें जीते जी भारत रत्न मिलता तो उन्हें 100 प्रतिशत सटीक निर्णय में गिना जाता अगर अभी उनके पंचतत्व में विलीन के बाद उन्हें मिलता है, तो मेरी नजर में वह 50 प्रतिशत सटीक होगा, क्योंकि उन्हें तो पता ही नहीं चलेगा, क्योंकि चिट्ठी ना कोई संदेश न जाने कौन ऐसा देश जहां हो चले गए। परंतु अभी भी मौका है के 50 प्रतिशत को संज्ञानमें रखते हुए भी उन्हें भारत रत्न की घोषणा शीघ्र करने के लिए रेखांकित करना जरूरी है। इस तरह उन्हें नोबेल पुरस्कार के भी लिए भी नामित होना था,परंतु वह अवसर अभी विलुप्त हो गया है क्योंकि यह पुरस्कार केवल जीवित व्यक्तियों की कोई मिलता है। चूंकि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का शरीर पंचतत्व में विलीन अब स्मारक बनाने के सीआरसी बवाल तेज, भारत पूछता है ऐसे नेक व्यक्तित्व को भारत रत्न, नोबेल क्यों नहीं मिला। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मनमोहन सिंह के देहांत के बाद अभूतपूर्व उपलब्धियां सुनकर भारत पूछता है भारत रत्न जीवित रहते हुए क्यों नहीं मिला? साथियों बात अगर हम पूर्व पीएम के पांच तत्वों में विलीन के बाद स्मारक बनाने, राजघाट में अंतिम संस्कार नहीं करने पर बवाल की करें तो,देश के पहले सिख प्रधानमंत्री रहे डॉ.मनमोहन सिंह का शनिवार को दिल्ली में निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। प्रोफेसर, आरबीआई गवर्नर, मुख्य आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के उपाध्यक्ष और वित्त मंत्री जैसे पदों पर रहने के बाद डॉ. मनमोहन सिंह 10 साल प्रधानमंत्री भी रहे। उन्हें अब तक का सबसे ज्यादा शिक्षित प्रधानमंत्री माना जाता है।केंद्र सरकार की दिल्ली में राजघाट परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए जगह आवंटित नहीं करने की आलोचना कीजा रही है। आप पार्टी ने तर्क दिया कि यह फैसला वैश्विक स्तरपर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाता है। सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें भारत और विदेश से शीर्ष गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, ये खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर किया गया, इसके पूर्व भारत के सभी प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया जाता था. सिख समाज से आने वाले, पूरी दुनिया में ख्याति प्राप्त,10 वर्ष भारत के प्रधानमंत्री रहे डॉ मनमोहन सिंह जी के अंतिम संस्कार और समाधि के लिए बीजेपी सरकार 1000 गज जमीन भी न दे सकी? पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल की 4 अहम बातें, (1) सुखबीर बादल ने कहा कि ये फैसला चौंकाने वाला और अविश्वसनीय है। यह अत्यंत निंदनीय है कि केंद्र सरकार ने डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार की उस अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसमें उन्होंने देश के इस महान नेता के अंतिम संस्कार और अंतिम क्रियाकर्म के लिए एक ऐतिहासिक और उपयुक्त स्मारक बनाने की जगह मांगी थी। (2) राजघाट पर अंतिम संस्कार होना चाहिए था उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार का स्थान राजघाट होना चाहिए था। यह पुरानी प्रथा और परंपरा के अनुरूप होता जो पहले से चली आ रही है। यह समझ से परे है कि सरकार इस महान नेता के प्रति ऐसा असम्मान क्यों दिखा रही है, जो सिख समुदाय के पहले और एकमात्र व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने का गौरव प्राप्त किया।(3) केंद्र सरकार की पक्षपातपूर्ण नीति सुखबीर बादल ने कहा कि यह विश्वास करना मुश्किल हो रहा है। भाजपा सरकार की पक्षपातपूर्ण नीति इस स्तर तक जा सकती है। जहां वह डॉ. मनमोहन सिंह के वैश्विक कद को पूरी तरह नजरअंदाज कर रही है, जो न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में आदर और सम्मान के पात्र हैं। डॉ. मनमोहन सिंह ने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचाइयों तक पहुंचाया। साथियों बात अगर हम स्वर्गीय मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने संबंधी बुलंद मांग की करें तो,एक समय ऐसा भी था, जब मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की चर्चा जोरों पर थी। हालांकि, इसकी संभावनाएं सिर्फ चचाओं तक ही सीमित होकर रह गईं। इस बीच 2023 में प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपनी किताब प्रणब माई फादर, अ डॉटर रिमेंबर में इससे जुड़ा एक बड़ा दावा किया था। शर्मिष्ठा के मुताबिक, प्रणब मुखर्जी राष्ट्रपति रहते हुए मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करना चाहते थे। शर्मिष्ठा ने किताब में लिखा है कि 30 अक्तूबर 2013 को उनके पिता ने इससे जुड़ी बातें अपनी डायरी में लिखीं। उन्होंने तत्कालीन कैबिनेट सचिव को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के प्रधान सचिव से बात करने के लिए कहा था। प्रणब ने कहा था कि कैबिनेट सचिव को पुलक को संदेश देना चाहिए कि वह इस संबंध में तब यूपीए की अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी से बात करें। किताब में शर्मिष्ठा ने बताया कि मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की इस मांग के बारे में प्रणब मुखर्जी की किताब में आगे कोई जिक्र नहीं मिलता। ऐसे में यह साफ नहीं है कि पुलक चटर्जी ने यह बात सोनिया गांधी से की भी या नहीं। शर्मिष्ठा का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि डॉ. मनमोहन सिंह को देश का सर्वोच्च सम्मान देने की इस मांग पर आगे क्या हुआ।इतना ही नहीं, शर्मिष्ठा का कहना है कि कुछ आपसी मतभेदों के बावजूद प्रणब मुखर्जी हमेशा से मनमोहन सिंह के प्रशंसक रहे। प्रणब 1991 से 1996 के बीच वित्त मंत्री के तौर पर देश में किए गए आर्थिक सुधारों और 2008 की आर्थिक मंदी के दौरान प्रधानमंत्री के तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था को संभालने का श्रेय मनमोहन सिंह को ही देते थे। कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को उन्हें एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया, जिन्होंने भारत को वित्तीय संकट से बाहर निकाला और उनके अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए समर्पित स्थल आवंटित नहीं करने के लिए केंद्र की आलोचना की। इसके साथ ही कांग्रेस नेताओं ने मनमोहन सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा,आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए, ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए. डॉ. मनमोहन सिंह हमारे सर्वोच्च सम्मान (भारत रत्न) और समाधि स्थल के हकदार हैं. सरकार को देश के इस महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा, वह एक शानदार अर्थशास्त्री थे. उन्होंने 1990 के दशक में भारत के आर्थिक सुधारों को दिशा दी और देश के इतिहास में एक अहम मोड़ पर उसकी दिशा तय की, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी नेतृत्व क्षमता शांति, ईमानदारी और देशवासियों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से परिपूर्ण थी. डॉ. सिंह के योगदान ने हमारे आर्थिक और राजनीतिक सिस्टम पर गहरी छाप छोड़ी है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे,भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चचेरे भाई ने मांग की है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए. देहरादून में रहने वाले अमरजीत सिंह ने का कहना है कि ऐसा आदमी अरबों में से एक होता है, जोकि देश के प्रति समर्पित होता है उनको कोई लालच नहीं था. उनके पास अपना कुछ भी नहीं है,न बैंक बैलेंस और न कोई प्रॉपर्टी. सिंपल लिविंग और उनकी सोच ऊंची थी मनमोहन सिंह वह रत्न थे जो अमर रहेंगे. उनके जाने से देश को बड़ी क्षति हुई है उन्होंने अपने नेतृत्व में देश को जिस बुलंदियों पर पहुंचाया है वह सभी जानते हैं. अलका लांबा बोलीं; हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे रत्न को भारत रत्न दिया जाना चाहिए. वह इसकी मांग सरकार से करेंगे और पार्टी की मीटिंग में भी इस मांग को रखेंगे। मनमोहन सिंह भारत रत्न के हकदार हैं 10 साल प्रधानमंत्री रहे उसके बाद 10 साल तक वह इसी निवास से देश की हर व्यवस्था को देखा. देश को आर्थिक संकट से उबारने में उनका जो योगदान रहा वह भुलाया नहीं जा सकता है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

# राहुल गांधी लड़ते क्यों नहीं हैं ?



**शाहीन सबा**

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा का रथ 240 पर रोकने से उत्साहित विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि उनके नेता और कार्यकताओं तक को लगने लगा था कि यह सरकार अब पहले की तरह अड़ कर काम नहीं पाएगी। लेकिन हर गुजरते महीने के साथ ही विपक्षी नेताओं का यह भ्रम टूटता हुआ सा नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत दिलाकर राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व को जिस अंदाज में स्थापित करने की शुरूआत की थी, वह विश्वास भी अब दरकता हुआ नजर आ रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व को अप्रत्यक्ष तरीके से स्वीकार कर लेने वाले अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं के विचार भी अब बदलते हुए नजर आने लगे हैं। झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन को फिर से सरकार बनाने में कामयाबी तो मिल गई है लेकिन इसका पूरा श्रेय जेएमएम नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन को मिली हार का ठीकरा एक तरह से राहुल गांधी पर ही फोड़ा जा रहा है जबकि इस गठबंधन में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता माने जाने वाले शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा करने वाले उद्धव ठाकरे भी शामिल हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सहयोगी जो बातें दबी जुबान में कह रहे थे, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वही बातें खुल कर कहने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने खुल कर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। इससे पहले उन्ही की पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह कह चुके हैं कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, कांग्रेस ने अपने परफॉर्मेंस से इंडिया गठबंधन को निराश कर दिया है। कल्याण बनर्जी तो यहां तक बोल गए कि कांग्रेस को अपना अहंकार त्याग कर ममता बनर्जी को अपना नेता मान लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी कई बार इशारों-इशारों में और कई बार खुलकर कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठा चुके हैं। उनके चाचा रामगोपाल यादव ने तो राहुल गांधी पर खुलकर हमला बोलते हुए यहां तक कह दिया कि वे इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं। उद्धव ठाकरे, पहले से ही राहुल गांधी से नाराज हैं कि अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस नेता ने विधानसभा चुनाव के समय उन्हें महाविकास अघाड़ी की तरफ से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया। दरअसल, इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों के नेताओं को अब अपने अस्तित्व का डर सताने लगा है। उनके मन में यह बात बैठती जा रही है कि राहुल गांधी लड़ नहीं पाते हैं। राहुल गांधी न तो पीएम नरेंद्र मोदी से लड़ पा रहे हैं और ना ही साये की तरह अपने साथ चलने वाले उन कांग्रेस नेताओं से लड़ पा रहे हैं।

---

**ज्योतिर्विद * ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव**

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

## रविवार 29 दिसम्बर 24 से शनिवार 04 जनवरी 2025 तक

विक्रम सम्वत 2081, शकाब्द 1946, कालयुक्त नाम सम्वतसर कलियुग सम्वतसर-5125, रविवार 29 दिसम्बर 2024 पौष कृष्ण चतुर्दशी से शनिवार 4 जनवरी पौष शुक्ल पंचमी तिथि तक। रविवार 29 दिसम्बरः मास शिवरात्रि कृष्ण चतुर्दशी व्रत। सोमवार 30 दिसम्बरः परमपुण्य प्रद स्नान

**व्रत उत्सव** दान और श्राद्ध की सोमवती अमावस्या। बुधवार 1 जनवरी ग्रेगरीपोप के चलाए ईसाई कैलेण्डर का नव वर्ष 2025 आरंभ। शुक्रवार 3 जनवरी 2025ः को शुक्ले मध्याह्न व्यापनी सूत्र से शुक्रवार को गणेश चतुर्थी व्रत। **अगले सप्ताह :** सोमवार 6 जनवरी को श्री गुरू गोविन्द सिंह जयंती।

**आकाश दर्शन और मौसम** चार ग्रह आज इन दिनों शाम के बाद देख सकते हैं, दक्षिण-पूरब दिशा में गुरू ग्रह। पूरब में मंगल ग्रह, रात साढ़े सात बजे से। शनि ग्रह दक्षिण में सिर पर तथा शुक्र ग्रह पश्चिम में रात 9 बजे तक। 3 जनवरी को चन्द्र शुक्र योग रात 9 बजे तक तथा 4 जनवरी को चन्द्र शनि योग रात 10 बजे तक देख सकते हैं। मौसमः शीत का प्रकोप बढ़ने का तथा छुटपुट वर्षा का योग है।

**व्यापार भविष्य** सप्ताह के शुरू में जनरल मन्दी शेयरों में रहने के बाद सप्ताहांत अच्छी तेजी का ग्रह योग सभी शेयरों में संभावित है।

**मेष-** सप्ताह के शुरू में कोई रोचक बात पता लग सकती है। जमाधन से लेनदेन का योग भी है। सोमवार के आसपास लघु यात्रा होने का संकेत है। इस सप्ताह के बुधवार गुरुवार कुछ अनिश्चय पूर्ण रह सकते हैं कामकाज में जल्दबाजी के कारण क्लेश होने की संभावना है। शुक्रवार शनिवार को आनंददायक भेंट होने का लाभ बढ़ने का योग है। साथ ही पुराने कार्य भी आपका बहुत समय ले सकते हैं। किसी प्रिय व्यक्ति की याद भी ताजा हो सकती है। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से रविवार सोमवार शुक्र शनिवार उत्तम हैं।

**वृष-** आपकी राशि का स्वामी शुक्र इन दिनों पश्चिम में सूर्यास्त के बाद दिखाई दे रहा है, इस शुक्रवार को इसका चंद्रमा से शुभ योग भी देखने योग्य रहेगा। शुक्र का यह संचार आपको अपने कार्य क्षेत्र में नए उत्साह के साथ काम पूरा करने में मददगार रह सकता है, मित्रों संबंधीजनों से भी आपको किसी कठिन समस्या के समाधान में अच्छी मदद इस सप्ताह में मिल सकती है। इस बुधवार गुरुवार को चंद्र मंगल योग के कारण मन कुछ अशांत अधीर रह सकता है, वाहन मशीनरी के प्रयोग में इन दो दिनों में अधिक सावधानी अपेक्षित है। कार्य क्षेत्र में प्रगति और लाभ की दृष्टि से पूरा सप्ताह ही अनुकूल है सप्ताह के आखिर में सुख सुविधा की कोई नई वस्तु प्राप्त होने का योग भी है।

**मिथुन-** इस सप्ताह के शुरू में किसी निकट संबंधी के यात्रा पर आने का अथवा बाहर जाने का ग्रह संकेत है। व्यापार रोजगार में उपयोगी चर्चा होगी तथा काफी समय से रुके हुए लेन-देन पर भी सहमति बन सकती है। आपको दूसरों के अधिकार वाली वस्तुओं के उपयोग का अस्थाई का अवसर भी मिल सकता है अथवा आपको दूसरों के पद पर अस्थाई रूप से कार्य करने के अवसर भी इस सप्ताह तथा शेष जनवरी मास में मिल सकता है। सप्ताह के आखिर में अच्छी प्रगति सभी कार्यों में होने का योग है। व्यापार रोजगार में लाभ और निजी जीवन में प्रसन्नता के लिहाज से सोमवार मंगलवार शुक्र शनिवार उत्तम दिन रह सकते हैं।

**कर्क-** आपकी राशि पर से संचार कर रहे मंगल से चंद्रमा का प्रतियुति योग बुधवार गुरुवार के आसपास हो रहा है। इसलिए अपनी भावनाओं पर इन दिनों में नियंत्रण रखें और मतभेद से भी बचें। इस सप्ताह आपके बहुत से रुके हुए काम भी आगे बढ़ेंगे। मतभेद के किसी पुराने मामले में संतोष प्रसाद समाधान निकलने का योग भी सप्ताह के आखिर में प्रबल है। यदि आपको अपने किसी पुराने लेनदेन में न्याय नहीं मिल रहा है तो यह भी आपको इस सप्ताह के आखिर में और शेष जनवरी में आपकी कोशिश के अनुसार मिल सकता है। कार्य क्षेत्र में लाभ और सफलता के लिहाज से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल है खास कर सकता है कि आखिर के दो-तीन दिन।

**सिंह-** आपको अपने व्यापार रोजगार में उन क्षेत्रों से लाभ कमाने के नए अवसर मिल सकते हैं जो पुराने या मंद हो गए हैं। स्थाई संपत्ति से जुड़े मामलों में अच्छी प्रगति इस सप्ताह हो सकती है। निकट संबंधी के स्वास्थ्य की चिंता का समाधान होने का ग्रह संकेत भी है। सप्ताह के शुरू में घर परिवार में छोटे सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने पर भी ध्यान रहेगा। गुरुवार के आसपास मानसिक क्लेश होने का और फिजूल खर्च होने का संकेत भी है। लाभ और तरक्की के लिहाज से रविवार सोमवार मंगलवार शुक्र शनिवार उत्तम दिन रह सकते हैं।

**कन्या-** सप्ताह के शुरू में प्रियजनों से उपयोगी चर्चा होने का और संचार संवाद के साधनों का उपयोग बढ़ाने का ग्रह संकेत है। सप्ताह मध्य पारिवारिक कार्यों में अधिक व्यस्तता रह सकती है जिसके कारण आपके व्यापार रोजगार से जुड़े कार्यों में प्रगति कुछ धीमी हो सकती है। बुधवार के आसपास दूसरों के कहने का गलत अर्थ लगने से गलत निर्णय की संभावना रहेगी। सप्ताह के आखिर में संतान पक्ष की ओर से हर्ष के प्रसंग होने का योग भी है। साथ ही बदलते मौसम के कारण स्वास्थ्य कष्ट भी संभावित रहेगा। रवि मंगल शुक्र शनिवार उत्तम हैं।

**तुला-** आपकी राशि के स्वामी शुक्र का शनि से योग आरंभ हो गया है इसका अच्छा असर आपके कार्यों पर और परिवार के सदस्यों से जुड़ी समस्याओं पर होगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े मामलों में अच्छी प्रगति होने का योग है। आपके परिश्रम को मान्यता मिलेगी इससे आपका व्यापार जगत में और बौद्धिक क्षेत्र में मान सम्मान बढ़ाने वाले प्रसंग शेष जनवरी में हो सकते हैं। कुछ कहा सुनी घर में बुध गुरुवार के आसपास संभावित है। व्यवसाय में लाभ की दृष्टि से सप्ताह उत्साहजनक है।

**वृश्चिक-** इस सप्ताह आपको नए पुराने मित्रों से मिलने का नया अवसर प्राप्त होगा। व्यापार रोजगार के क्षेत्र में भी आपको कई क्षेत्रों से अच्छा परामर्श मिलेगा, इससे आपको अपनी कार्य योजना बनाने में अच्छी मदद मिलेगी। घर परिवार में आपका ध्यान स्थायी संपत्ति की उपयोगिता बढ़ाने की ओर रहेगा। इस सप्ताह किसी आकर्षक वाले व्यक्ति से भी आपकी दिलचस्प भेंट हो सकती है। यात्रा भ्रमण में जल्दबाजी से बचें। व्यवसाय में रविवार सोमवार गुरुवार और शुक्रवार अपेक्षाकृत अनुकूल दिन रहने का संकेत है।

**धनु-** शुक्र और शनि ग्रह का पश्चिम में देखने वाला ग्रह योग आपके कार्य क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने में बहुत सहायक रहेगा आपको पुराने और नए मित्रों से भी बहुत उपयोगी सलाह प्राप्त होगी। अपनी पसंद के खानपान और अन्य कार्य पर भी आप नए सिरे से ध्यान देने के लिए कुछ समय निकाल सकेंगे। सप्ताह के शुरू में लघु यात्राएं हो सकती है। अपनों से छोटो व्यक्तियों की प्रसन्नता के लिए भी आप कुछ नया करेंगे। गुरुवार के आसपास पुरानी बातों को कुछ मतभेद हो सकते हैं इसलिए रोष क्रोध से बचें। व्यापार रोजगार में सफलता के लिए से यह पूरा सप्ताह ही अनुकूल है। आपको सप्तांत नए कार्य क्षेत्र भी प्राप्त हो सकते हैं जो तुरंत लाभदायक भी सिद्ध होंगे।

**मकर-** आपकी राशि के स्वामी शनि से शुक्र ग्रह का योग इन दिनों चल रहा है जिसे आप पश्चिम दिशा में नित्य देख भी सकते हैं। यह योग आप में नए उत्साह का संचार करेगा तथा आपको हाल ही की निराशा से भी उबारेगा। बुधवार के आसपास आकस्मिक तनाव के होने की प्रवृत्ति आप में रहेगी इस पर नियंत्रण रखें। सप्ताह के आखिर में धन लाभ बढ़ने का भेंट उपहार मिलने का तथा पुरानी वस्तु संपत्ति के नवीनीकरण पर खर्च होने का योग है। व्यवसाय में लाभ की दृष्टि से सोमवार मंगलवार के अलावा शेष सप्ताह अधिकतर अनुकूल रह सकता है।

**कुंभ-** पश्चिम दिशा में इन दिनों आपकी राशि के स्वामी शनि के साथ शुक्र ग्रह का संचार आरंभ हो गया है। इसे आप सूर्यास्त के बाद स्वयं देख सकते हैं। यह योग आपको कार्य क्षेत्र में उन्नति के कई अवसर प्रदान करेगा। आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। जिन क्षेत्रों से आपको लाभ नहीं हो रहा है अथवा अधिक परिश्रम करने के कारण आपकी रुचि कम हो रही है उन क्षेत्रों में नई उमंग का संचार होगा और कामकाज में अच्छी प्रगति भी होगी। प्रिय जनों साथ भी शेष जनवरी में आपको प्राप्त होगा। इस सप्ताह के मंगलवार बुधवार आकस्मिक खर्च और तनाव वाले रह सकते हैं जबकि शेष सप्ताह अधिकतर लाभ प्रसन्नता और सफलता दायक है।

**मीन-** बहुत समय से प्रतीक्षित समाचार सप्ताह के शुरू में मिल सकता है अथवा रुकी हुई मुलाकात भी अचानक हो सकती है जो प्रसन्नता दायक रहेगी। सप्ताह के शुरू में कामकाज की अधिकता रहेगी पर आप अपने बुद्धि कौशल से इसका समाधान करने में सफल होंगे। बुधवार के आसपास किसी प्रियजन से आकस्मिक आंतरिक तनाव हो सकता है जो दूर हो जाएगा। सप्ताह के आखिर में पुरानी वस्तुओं की मरम्मत पर खर्च हो सकता है, इसके साथ ही आप नई वस्तुओं वस्तुओं की खरीद भी करेंगे। सप्ताह के रविवार सोमवार मंगलवार और शुक्रवार अपेक्षाकृत लाभकारी और प्रसन्नता दा यक दिन रहेंगे।

# मेलबर्न टेस्ट में नीतीश-सुंदर ने दिखाया जलवा

## रेड्डी ने जड़ा नाबाद शतक, सुंदर ने खेली अर्धशतकीय पारी, भारत ने पहली पारी में नौ विकेट पर बनाए 358 रन, अभी भी 106 रन पीछे

● मेलबर्न

**नीतीश** कुमार रेड्डी (105) के नाबाद शतक और वाशिंगटन सुंदर (50) के साथ कठिन समय में 127 रन की बेजोड़ भागीदारी की मदद से भारत ने चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 358 रन बना लिए थे।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय रेड्डी का साथ निभाने के लिए अंतिम विकेट के तौर पर मो सिराज दो रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। भारत अभी भी आस्ट्रेलिया की पहली पारी 474 रन के स्कोर से 106 रन पीछे है। शनिवार के खेल के पहले सत्र में ऋषभ पंत (28) और जडेजा (17) का विकेट गिरने के बाद भारत पर फालोऑन का संकट गहरा गया था मगर एक छोर पर आंखे जमा चुके रेड्डी ने नए बल्लेबाज सुंदर के साथ मिल कर न सिर्फ अपनी टीम को फालोऑन के संकट से उबारा बल्कि खेल के दूसरे सत्र को बगैर नुकसान के बिता कर मजबूत इरादों के साथ टीम को संघर्ष के ट्रैक पर लाकर खड़ा कर दिया। दोनों बल्लेबाजों ने चायकाल तक भारत के स्कोर बोर्ड पर सात विकेट पर 326 रन तान दिए थे। इसके बाद पहले हल्की वर्षा के कारण मैच रोका गया। मैच दोबारा शुरु होने के बाद सुंदर ने अपना अर्धशतक 162 गेंद खेल कर पूरा किया जिसमें



उनका एकमात्र चौका शामिल था। हालांकि इसके तुरंत बाद सुंदर नाथन लॉयन की गेंद पर स्मिथ को कैच थमा बैठे और आस्ट्रेलिया का इस जोड़ी को तोड़ने का मैराथन इंतजार पूरा हो गया। नए बल्लेबाज बुमराह (00) को आउट करने में पैट कमिंस को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। इस

### वाशिंगटन के साथ 8वें विकेट के लिए 127 रन जोड़े, भारत को फॉलोऑन से बचाया

बीच नीतीश ने भी अपने टेस्ट करियर का पहला शतक 171 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से पूरा कर लिया। इससे पहले भारत ने शनिवार को अपने कल के स्कोर पांच विकेट पर 164 रन से आगे खेलना शुरु किया। भारत को पहला झटका खेल के तीसरे ओवर में लगा जब ऋषभ पंत (28) स्कॉट बोलेंड की गेद पर लयॉन के हाथों लपक लिए गए। अंपायर ने हालांकि ऋषभ को संदेह का लाभ दिया मगर आस्ट्रेलिया द्वारा लिए गए रिव्यू को अंपायर को स्वीकार करना पड़ा। दूसरे छोर पर रविंद्र जडेजा (17) ने कुछ ओवर तक संघर्ष किया मगर वह भी नाथन लयॉन की गेंद पर पगबाधा करार दिए गए। इस बार भारत ने मैदानी अंपायर के फैसले को चुनौती दी मगर रिव्यू के जरिए उसे नकार दिया गया। बाद में क्रीज पर पहले से जमे नीतीश का साथ देने वाशिंगटन सुंदर आए और दोनों बल्लेबाजों ने भोजनावकाश और चायकाल तक का समय बगैर नुकसान के लिए निकाल दिया। इस बीच नीतीश ने 81 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।



### स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 474 रन**

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल रन आउट | 82 | 118 | 11 | 1 |
| रोहित शर्मा का बोलैंड बो कमिंस | 03 | 5 | 0 | 0 |
| केएल राहुल बो कमिंस | 24 | 42 | 3 | 0 |
| विराट कोहली का कैरी बो बोलैंड | 36 | 86 | 4 | 0 |
| आकाश का लायन बो बोलैंड | 00 | 13 | 0 | 0 |
| पंत का लायन बो बोलैंड | 28 | 37 | 3 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो लायन | 17 | 51 | 3 | 0 |
| नीतीश कुमार रेड्डी नाबाद | 105 | 176 | 10 | 1 |
| सुंदर का स्मिथ बो लायन | 50 | 162 | 1 | 0 |
| बुमराह का ख्वाजा बो कमिंस | 00 | 3 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 02 | 7 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन

कुल : 116 ओवर में नौ विकेट पर 358 रन

विकेट पतन: 1-8, 2-51, 3-153, 4-154, 5- 159, 6-191, 7-221, 8-348, 9-350

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 25 | 2 | 86 | 0 |
| पैट कमिंस | 27 | 6 | 86 | 3 |
| स्कॉट बोलैंड | 27 | 7 | 57 | 3 |
| नाथन लायन | 27 | 4 | 88 | 2 |
| मिशेल मार्श | 7 | 1 | 28 | 0 |
| ट्रैविस हेड | 3 | 0 | 11 | 0 |

### आंध्र के मुख्यमंत्री ने शतक के लिए नीतीश को दी बधाई, मिलेंगे 25 लाख

**विजयवाड़ा, वार्ता:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मेलबर्न में युवा बल्लेबाज नीतीश कुमार रेड्डी को उनके शतक के लिए बधाई दी। शनिवार को यहां एक संदेश में मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार रेड्डी को कम उम्र में मेलबर्न में बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट में शतक बनाने के लिए बधाई दी। उन्होने कहा कि कामना है कि वह आने वाले दिनों में शतक लगाएं और देश का नाम रोशन करें। इस बीच, आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीसी) ने मेलबर्न क्रिकेट टेस्ट में शतक लगाने के लिए नीतीश कुमार को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। विजयवाड़ा के सांसद और एसीसी अध्यक्ष केशिनेनी शिवनाथ ने शनिवार को यहां नीतीश कुमार को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू क्रिकेटर के यहां आने पर प्रोत्साहन चेक नीतीश कुमार को सौंपेंगे। इसके अलावा एसीसी आंध्र के लिए आईपीएल खेलने के लिए एक टीम बनाने पर विचार कर रही है।

## पंत के खराब शॉट से गावस्कर नाराज



● मेलबर्न

**भारतीय** टीम के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर सुनील गावस्कर ने मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन ऋषभ पंत के खराब शॉट चयन की कड़ी आलोचना की है।

पंत शनिवार सुबह खेल के पहले सत्र में स्कॉट बोलैंड की गेंद को स्कूप करने के प्रयास में कैच आउट हो गए थे। पंत 37 गेंदों में 28 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे और जडेजा के साथ उन्होने दिन के खेल की शुरुआत सधे ढंग से की थी। इसी दौरान पंत ने ऑफ स्टंप के बाहर से लेग साइड पर एक स्कूप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा लगकर डीप थर्ड पर खड़े फील्डर के हाथों में चली गई। इससे पहले वाली गेंद पर भी पंत ने इसी शॉट को खेलने की कोशिश की थी, लेकिन उस पर इनसाइड एज लगा था और पंत गिर भी गए थे। अगली गेंद पर उन्होंने फिर से वही शॉट लगाया और फिर से गिरे। साथ ही उनका शॉट फिर से अच्छी तरह से कनेक्ट नहीं हो पाया, जिसके कारण वह नेथन लायन को कैच दे बैठे। पंत के आउट होने से पहले भारत का स्कोर 191/5 था और वह अभी भी ऑस्ट्रेलिया के स्कोर से 283 रन पीछे था। स्टार स्पोर्ट्स पर लंच ब्रेक के दौरान गावस्कर ने कहा कि शुरुआत में जब आसपास कोई फील्डर नहीं था, तब उन्होंने ऐसे शॉट्स खेले थे, जो समझ में आता है क्योंकि तब आप एक मौका ले रहे होते हैं। लेकिन जिस शॉट का प्रयास किया गया था, वह लेग साइड पर जाना चाहिए था, जबकि वह ऑफ साइड पर चला गया। यह शायद थोड़ी बदकिस्मती हो सकती है, लेकिन उस स्थिति में इस तरह के शॉट का चयन बेहद खराब था, जब डीप स्क्वायर लेग और डीप प्वाइंट पर दो फील्डर मौजूद थे।

## सार संक्षेप

### मुक्केबाज पॉल बाम्बा का निधन

**लंदन :** प्यूर्टो रिकान बॉक्सर पॉल बाम्बा का 35 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, बांबा ने 21 दिसंबर को मैक्सिको के रोजेलियो मदीना को हराकर डब्ल्यूबीए गोल्ड क्रूजरवेट खिताब जीता था। नवंबर में बाम्बा को अपनी प्रबंधन कंपनी में शामिल करने वाले गायक ने-यो ने इंस्टाग्राम पर बाम्बा के परिवार के साथ एक संयुक्त बयान में बांबा के निधन की पुष्टि की। बयान में कहा गया कि बहुत दुख के साथ हम प्यारे बेटे, भाई, दोस्त और बॉक्सिंग चैंपियन पॉल बाम्बा के निधन की घोषणा करते हैं, जिनकी रोशनी और प्यार ने अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित किया। बाम्बा ने 2024 में अपने सभी 14 मुकाबलों में नॉकआउट से जीत हासिल की, जिसका समापन न्यू जर्सी में मदीना के खिलाफ उनकी विश्व खिताब जीत में हुआ। पिछले सप्ताह उस जीत के बाद बंबा ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि इस साल मैंने एक लक्ष्य निर्धारित किया था। मैंने बस वही किया। यह आसान नहीं था, कई बाधाएं थीं जिन्हें मैंने पार कर लिया और अपने निर्धारित रास्ते पर चलता रहा। उन्होंने कहा था कि यदि आपके पास वह लक्ष्य है जिसे कुछ लोग असाधारण कह सकते हैं, तो उसका पीछा करें। जो कोई भी यह सोचता है कि वह आपके जितना बहादुर नहीं है, वह लोगों को गलत साबित करेगा। बांबा ने कुल 22 करियर मुकाबलों में 19 जीत दर्ज की और उनमें से 18 जीत नॉकआउट से हासिल की।

### 17 जनवरी से होगा खेल टॉर्च रोड-शो



**हरिद्वार :** 38वें राष्ट्रीय खेल के आयोजन के संबंध में परियोजना निदेशक केएन तिवारी की नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में खेल आयोजन को सफल बनाने के जनपद स्तर प्रचलित स्थलों का रूट चार्ट तैयार किया गया है जिसमें सभी प्रतिनिधि खेल प्रेमी/खिलाड़ियों/सम्बंधित विभाग और विद्यालय/ महाविद्यालय को प्रचार-प्रसार से जोड़ते हुए रूट मैप, साफ सफाई, पार्किंग, विद्युत, पानी आदि के सम्बंध में व्यापक निर्देश दिए गये। जिला क्रीड़ाधिकारी शबाली गुरूंग ने बताया की 17 जनवरी प्रथम कैंटर 03 दिन तक टार्च कैन्टर रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा तैयार रूट चार्ट के अनुसार पुलिस आदि की व्यवस्था, फ्लैक्सी द्वारा व्यपक प्रचार-प्रसार करने रैली हेतु चयनित स्थानों पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था करने नगर निगम को निर्देश दिए परियोजना निदेशक द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी को 200 से 250 विद्यार्थियों को चयन करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी सीटी पंकज गैरोला, सीईओ केके गुप्ता, एआरटीओ रश्मि पंत, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरुंग, एसीएमओ डॉ अनिल वर्मा, डीओ पीआरडी प्रमोद चंद्र पांडे, एसपीओ उरेडा वाई.एस.बिष्ट, प्रदीप कुमार, एसएचओ सिडकुल मनोहर सिंह भंडारी, करण सिंह, मुकेश भट्ट, सहित जल संस्थान, नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डफी ने न्यूजीलैंड को श्रीलंका पर दिलाई शानदार जीत

● माउंट माउंगानुई,

**डैरिल** मिचेल (62) और माइकल ब्रेसवेल (59) के बीच छठे विकेट के लिए 105 रन की रिकॉर्ड साझीदारी के बाद तेज गेंदबाज जैकब डफी के एक ओवर में तीन विकेट झटकने की बदौलत न्यूजीलैंड ने सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ आठ रन से जीत हासिल की।

न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 171 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका निर्धारित 20 ओवरो में आठ विकेट पर 164 रन ही बना सकी। एक समय पथुम निसंका (90) और कुसल मेंडिस (46) के बीच एक बड़ी भागीदारी की बदौलत 13 ओवर की समाप्ति पर श्रीलंका बगैर नुकसान के 121 रन बना चुका था और आसान जीत के करीब जाता दिखाई दे रहा था मगर पारी के 14वें ओवर में डफी ने एक के बाद एक तीन विकेट (कुसल मेंडिस ,कुसल परेरा (0) और कामिंडु मेंडिस (0) झटक कर श्रीलंका को बैकफुट पर ढकेल दिया। पथुम निसांका ने 60 गेंदों में 90 रनों की शानदार पारी खेली मगर



### पहले टी-20 मैच में श्रीलंका को आठ रन से हराया

उनकी साहसिक पारी न्यूजीलैंड द्वारा निर्धारित 172/8 के लक्ष्य को भेदने में असफल रही। इससे पहले डेरिल मिशेल (42 गेंद पर 62 रन) और माइकल ब्रेसवेल (33 गेंद पर 59 रन) के बीच मजबूत साझेदारी की बदौलत कीवी टीम ने पांच विकेट पर 65 रन के मुश्किल स्कोर से उबरते हुए प्रतिस्पर्धी कुल स्कोर खड़ा किया था।

## खिताब के लिए भिड़ेंगे पटना-हरियाणा

### पीकेएल के 11वें संस्करण का फाइनल आज

● पुणे,

**प्रो** कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें संस्करण में खिताबी मुकाबला आज यहां पटना पाइरेट्स और हरियाणा स्टीलर्स के बीच खेला जाएगा।

बालेवाड़ी में श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फाइनल मैच रविवार रात आठ बजे शुरु होगा। पटना पाइरेट्स की नजर रिकॉर्ड चौथे पीकेएल खिताब पर है जिन्होंने लगातार सीजन तीन, चार और पांच में खिताब हासिल किया था, वे साल 2017 के बाद से अपना पहला खिताब जीतना चाहेंगे। वे सीजन आठ के फाइनल मुकाबले में भी थे, लेकिन दबंग दिल्ली से एक अंक से हार गए थे। देवांक दलाल, जो 24 कबड्डी मैचों में 296 अंकों के साथ पीकेएल 2024 के शीर्ष रेडर रहे हैं, इस सीजन में पाइरेट्स के फाइनल तक पहुंचने के पीछे अहम भूमिका निभाई है। पाइरेट्स ने अपनी टीम में अंकित जगलान को



शामिल किया है, जो प्रो कबड्डी 2024 में सबसे अधिक टैकल प्वाइंट के मामले में स्टीलर्स के मोहम्मदरेजा शादलोई और तमिल थलाइवाज के नीतेश कुमार की बराबरी पर हैं। एलिमिनेटर और सेमीफाइनल में क्रमशः यू मुंबा और दबंग दिल्ली, दोनों पूर्व चैंपियन को हराने से पहले पटना पाइरेट्स ग्रुप स्टेज में चौथे स्थान पर रही। इस बीच, हरियाणा स्टीलर्स ने सेमीफाइनल में यूपी योद्धा को हराकर लगातार दूसरे फाइनल में जगह बनाने से पहले ग्रुप स्टैंडिंग में बड़ी आसानी से शीर्ष स्थान हासिल किया। स्टीलर्स ने पीकेएल सीजन 10 के फाइनल के लिए भी क्वालीफाई किया था, लेकिन निर्णायक मुकाबले में पुनेरी पलटन से हार गए थे।

## बॉश के हरफनमौला प्रदर्शन से पाक बैकफुट पर

### पाकिस्तान ने दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर बनाए 88 रन, अभी भी अफ्रीका से दो रन पीछे

● सेंचुरियन

**पदार्पण** टेस्ट में कॉर्बिन बॉश (81 नाबाद) के बेहतरीन स्ट्रोकप्ले की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को 90 रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल कर ली और मेहमान टीम की दूसरी पारी में तीन बल्लेबाजों को 88 रन पर आउट कर न सिर्फ मैच पर अपना शिकंजा कस दिया बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की ओर अपनी चाल तेज कर दी।

दिन का खेल खत्म होने के समय बाबर आजम (16) और सउद शकील आठ रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। पाकिस्तान को अभी भी दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के स्कोर से दो रन पीछे है। पाकिस्तान ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे। जवाब में शुरुआती तीन विकेट सस्ते में गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका डेविड मारक्रम (89) और कप्तान टेंबा बावूमा (31) की बदौलत पारी को सधे तरीके से संवार रहा था मगर नसीम शाह ने मेजबान टीम के एक के बाद



एक तीन विकेट मात्र 13 रन के अंतर पर झटक कर मध्यक्रम को भी धराशायी कर दिया। इस बीच क्रीज पर आए बॉश ने मारक्रम के साथ पाकिस्तानी गेंदबाजों की धुनायी शुरु कर दी। उन्होने मात्र 46 गेंदो पर अपना अर्धशतक पूरा किया। मारक्रम के आउट होने तक दक्षिण अफ्रीका दो रन की लीड ले चुका था और पाकिस्तान अपने सांसों को काबू में करने का प्रयास कर रहा था मगर बॉश नाम का तूफान अभी थमा नहीं था। युवा बल्लेबाज ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शाट्स की झड़ी लगा दी थी। उन्होने अपनी 81 रन की नाबाद पारी में 93 गेंद खेल कर 15 चौके लगाए। बॉश ने पाकिस्तान की पहली पारी में 63 रन देकर चार विकेट झटके थे जबकि डेन पीटरसन ने पांच विकेट लिए थे। बॉश के गेंद के साथ बल्ले से भी कमाल के प्रदर्शन ने घरेलू दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

दूसरी पारी में पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद (28) और सैम अयूब (27) ने सधी शुरुआत की मगर अयूब पारी के 11वें ओवर मे कैगिसो रबाडा का शिकार बन गए जबकि मसूद का विकेट मार्को जानसन ने उखाड़ा। कामरान गुलाम (4) भी जानसन का दूसरा शिकार बन सस्ते में लौट गए।

### 13 जनवरी से शुरू होगा खो-खो विश्वकप

**लखनऊ, ब्यूरो :** 13 जनवरी से शुरु होने वाले खो-खो विश्वकप की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और नई दिल्ली में होने वाले उद्घाटन समारोह के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम हस्तियों को न्योता भेजा जा चुका है।

इस सिलसिले में खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और खो-खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर उन्हे 13 जनवरी को नई दिल्ली में खो-खो वर्ल्ड कप के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया और वर्ल्ड कप का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। मित्तल ने खो-खो वर्ल्ड कप के आयोजन के लिए प्रदेश सरकार को प्रदान की गई सहायता, सुविधाओं के लिए धन्यवाद किया और कहा कि प्रदेश सरकार की खेल नीतियों की वजह से देश के सबसे बड़े राज्य में इस खेल को प्रोत्साहन मिला है। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश में खो खो को प्रमोट करने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK